



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 142 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 21 फरवरी 2024 डाक 22 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

पंजाब के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की



**देश-विदेश**

किसानों से झड़प में एसपी सहित दो घायल, डीजीपी ने दिए क्रेन जैसी भारी मशीनें जब्त करने के निर्देश



**कोरिया जिला**

लापरवाही की भेंट चढ़ी धनवंतरी दवा दुकान



# शंभू बॉर्डर पर बवाल शुरू

## प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए दागे आंसू गैस कें गोले



**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

सरकार का प्रस्ताव ठुकराने के बाद बुधवार को किसानों का दिल्ली चलो मार्च फिर शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। हालात तनावपूर्ण है। इससे पहले सुबह से हजारों की तादाद में किसान पंजाब तथा हरियाणा की शंभू बॉर्डर पर जमा होने लगे। इस बार किसान भी भारी तैयारी के साथ आए। किसानों ने कंक्रीट व भारी-भरकम बैरिकेड को तोड़ने और पत्थरों को उठाने के लिए भारी मशीनों को बख्तरबंद जैसा रूप देकर शंभू बार्डर पर लाना दिया था। दिल्ली में भी अलर्ट है। हरियाणा के कई जिलों में इंटरनेट बंद है। किसानों को भड़काने वाले सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के सिद्धूपुर गुट की ओर से दिल्ली कूच की घोषणा के बाद हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर सुबह से ही हलचल तेज है। हरियाणा की सीमा पर लगे बैरिकेड्स को हटाने के लिए बड़ी संख्या में पोकलेन, जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों पर देसी जुगाड़ लगाकर शंभू बॉर्डर किसान पहुंच चुके हैं। किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

वहीं एआईजी मनीषा चौधरी ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब से लगी सभी सीमाओं पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। किसान शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं और उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हमें जानकारी मिली कि किसान विरोध स्थल पर भारी मशीनरी लेकर आए हैं और हमने पंजाब पुलिस से ऐसी मशीनरी को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। हम किसानों से फिर से अपील करते हैं कि वे विरोध स्थल पर भारी मशीनरी न लाएं। वे अपनी मांगों के संबंध में हमें ज्ञापन सौंप सकते हैं... हम पंजाब पुलिस के साथ नियमित संपर्क में हैं और उनके साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। केंद्र सरकार के न्योते के बाद किसानों ने फिलहाल दिल्ली कूच कुछ समय के लिए टाल दिया है। किसानों की पटियाला प्रशासन से बात चल रही है। किसान संगठनों के नेताओं ने घोषणा की है कि ट्रैक्टर बंद कर दें, किसान नेता पैदल ही आगे जाएंगे। ट्रैक्टर आगे नहीं जाएंगे। हरियाणा पुलिस द्वारा पांच मिनट लगातार आंसू गैस गोले छोड़े गए, जिसके बाद किसान नेताओं ने आगे चल रहे युवाओं को दो कदम पीछे हटने के लिए कहा। किसान नेता डल्लेवाल ने कहा कि वह सरकार की तरफ से बातचीत के लिए प्रस्ताव का कुछ मिनट इंतजार करेंगे।

# हमें शांति से करने दें मार्च..., दिल्ली कूच से पहले किसान नेता सरवन सिंह पंढेर का पीएम मोदी से अनुरोध

**चंडीगढ़, 21 फरवरी [एजेंसी]।**



पंजाब किसान मजदूर समिति के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने बुधवार को केंद्र सरकार से उनके मुद्दों पर चर्चा करने या फिर किसानों को शांतिपूर्वक दिल्ली कूच करने का अनुरोध किया। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने शंभू बॉर्डर पर प्रेस कर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि हम कह रहे हैं कि यह प्रधानमंत्री की भी जिम्मेदारी है कि वह हमारी सुनें। हमने भी उन्हें देश का पीएम बनाने के लिए वोट दिया है। यह देश सबका है, पीएम सबके हैं। उन्हें आगे आकर स्थिति को संभालना चाहिए और हमारी मांगों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने पूरी कोशिश की, बैठकों में भाग लिया और हर मुद्दे पर बात की। अब फैसला केंद्र को लेना है। प्रधानमंत्री को आगे आना चाहिए और हमारी मांगों को स्वीकार करना चाहिए। डेढ़ या दो लाख करोड़ रुपये कोई बहुत बड़ी रकम नहीं है। लगभग 60 फीसदी किसान इस रकम पर निर्भर करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे इस गतिरोध को खत्म करें और किसानों को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने दें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी, संविधान की रक्षा करना आपकी जिम्मेदारी है, आप संविधान की रक्षा करते हैं, कृपया इस गेट को खोलें और हमें शांतिपूर्वक विरोध करने की अनुमति दें। पंढेर ने कहा कि हमने आगे प्रधानमंत्री से एमएसपी गारंटी कानून पर निर्णय लेने और स्थिति को शांत करने का आग्रह किया। हम केंद्र सरकार से हाथ जोड़कर अनुरोध करते हैं कि आप हमारे साथ आएं, बैठें और हमारे मुद्दों को हल करें। हमारी सभी मांगों पर एक-एक करके चर्चा की गई है और अब निर्णय लेने का समय है। किसान नेता ने अर्धसैनिक बलों का उपयोग करके विरोध को संभालने के केंद्र के तरीके की आलोचना की। पंढेर ने कहा कि जैसा कि हम देख रहे हैं, हम अपनी तरफ से शांतिपूर्ण रहेंगे, लेकिन अर्धसैनिक बलों के माध्यम से किसानों और मजदूरों के खून से होली मनेगी। दूसरी ओर सैनिक हैं और इस तरफ किसान हैं, वे भी परिवार हैं। इसलिए हम नहीं चाहते कि ऐसा कुछ हो जिससे देश को दुखद तस्वीरें दिखाई जाएं। इसलिए हम अपनी तरफ से कोई हमला नहीं करेंगे।

## हरियाणा सरकार फिर हाईकोर्ट पहुंची, कोर्ट ने प्रदर्शन के तरीके और भीड़ को लेकर दिया यह निर्देश

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार सुनिश्चित करे कि लोग बड़ी संख्या में एकत्र न हों। वहीं हरियाणा सरकार किसान आंदोलन को लेकर फिर हाईकोर्ट पहुंची है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बड़ी संख्या में मोडिफाई किए ट्रैक्टरों और ट्रालियों को इकट्ठा न होने की गुहार लगाई गई है। हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारियों के दिल्ली कूच में हरियाणा सरकार की अवरोधक कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह टिप्पणी की। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर केंद्र को किसानों से वार्ता के परिणाम व वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। याचिका में बताया है कि हरियाणा सरकार ने सीमा सील करने के साथ कई जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। प्रदर्शनकारियों पर रबर पैलेट, आंसू गैस का इस्तेमाल कर रही है।

## ट्यूकर बॉर्डर पर लगातार बढ़ रही किसानों की संख्या, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंच रहे प्रदर्शनकारी



**नईदिल्ली।** केंद्र सरकार से बातचीत के बीच किसानों ने आज दिल्ली कूच का आह्वान किया है। किसानों का दिल्ली कूच करने की घोषणा के तहत संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता और सदस्य सुबह से ही शंभू और खनौरी बॉर्डर पर रणनीति बनाने में जुट गए। इसके तहत किसान कंक्रीट व भारी-भरकम बैरिकेड तोड़ने के लिए बख्तरबंद भारी मशीनरी लेकर किसान शंभू बॉर्डर पर पहुंचे हैं। एसकेएम के नेतृत्व में 22 फरवरी को किसानों का 500 संगठन दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए मंथन करेंगे। कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलबाद क्षेत्र से लगते हरियाणा-पंजाब के ट्यूकर बॉर्डर पर पंजाब की तरफ से लगातार किसानों की संख्या बढ़ रही है। वे अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंच रहे हैं। हरियाणा की तरफ से किलेबंदी कर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। वहीं शाहाबाद में जीटी रोड पर दोनों तरफ मजबूत दीवार खड़ी कर पुलिस सुरक्षा के सभी इंतजामों के साथ हर स्थिति पर नजर रख रही है।

## ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस का पीएम मोदी ने किया स्वागत



**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

ग्रीस के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस राष्ट्रपति भवन पहुंच गए हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। मित्सोटाकिस मंगलवार देर रात दो दिन की भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उन्हें रिसीव किया। ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने कहा, कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री की ग्रीस यात्रा के अनुरूप, आधिकारिक राजकीय यात्रा पर भारत में होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ग्रीस के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी विशेष महत्व रखती है। हमें न केवल विभिन्न विषयों जैसे राजनीतिक परामर्श, रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा, बल्कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने का भी अवसर मिलेगा। इसलिए यहां होना वास्तव में सौभाग्य की बात है, मैं प्रधानमंत्री के रूप में हम दोनों के बीच होने वाली चर्चाओं का इंतजार कर रहा हूं। मित्सोटाकिस के साथ हाईलेवल डेलिगेशन भी भारत आया है। इसमें बिजनेसमैन भी शामिल हैं। मित्सोटाकिस 9वें रायसीना डायलॉग 2024 के चीफ स्पीकर होंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। एथेंस रवाना होने से पहले मित्सोटाकिस मुंबई भी जाएंगे।

## शराब के नशे में बीजेपी कार्यकर्ताओं से की गाली गलौज, डीआरजी के दो जवान निलंबित

**राजनांदगांव।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी थाना में पदस्थ डीआरजी के दो जवानों को निलंबित किया गया है। आरोप है कि दोनों जवान शराब के नशे में भाजपा कार्यकर्ताओं से गाली गलौज की। विवाद भी किया। भाजपा नेताओं ने इसकी शिकायत औंधी थाने में की। जिसके बाद शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें शिकायत सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने प्रधान आरक्षक दशरथ उसेंडी और आरक्षक गुलशन उरांव को निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया। भाजपा नेता राजू टांडिया ने बताया कि बीते सोमवार की शाम औंधी में पदस्थ जवान शराब के नशे में घूम रहे थे।

## दंतेवाड़ा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दोनों ओर से फायरिंग जारी, कई नक्सलियों के घायल होने की खबर

**दंतेवाड़ा, 21 फरवरी [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा किया जा रहा है। अभी मुठभेड़ चल रही है। जानकारी के अनुसार बस्तर फाइटर्स, डीआरजी, सीआरपीएफ दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के जवानों की संयुक्त टीम बुधवार को गंगालूर क्षेत्र के पीडिया के जंगलों में सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान गंगालूर क्षेत्र के पीडिया के जंगलों में घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। फिलहाल नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। इस नक्सल आपरेशन में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि चैतू दादा जैसे बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर दोनों जिले से जवानों को आपरेशन के लिए भेजा गया।

अभी मुठभेड़ चल रही है। दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा जिले में लगातार नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन लांच किए जा रहे हैं। माड़ के क्षेत्र से लेकर पूरे बस्तर इलाके में जवानों की ओर से आपरेशन चला नक्सलियों को खदेड़ा जा रहा है। पूवर्ती, टेकलगुड़ा जैसे कोर नक्सल क्षेत्र छीन जाने के बाद अब नक्सलियों को सुरक्षित ठिकाना नहीं मिल पा रहा है। लोकल कैडर का नक्सलियों से मोहभंग हो गया है। बस्तर में नक्सली अब नया कैडर भी तैयार नहीं कर पा रहे हैं।

## भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत, पांच की हालत गंभीर, एनएच 30 पर ट्रक ने टेम्पो को रौंदा

**लखीसराय,21 फरवरी [एजेंसी]।**

बिहार के लखीसराय जिले में भीषण सड़क हादसे की चपेट में 14 लोग आ गए। इनमें से नौ लोगों की मौत हो गई जबकि पांच की हालत गंभीर है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना रामगढ़चौक थाना क्षेत्र के झुलौना गांव के पास एनएच 30 पर हुई। रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने यात्रियों से भरे टेम्पो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टेम्पो ड्राइवर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस



मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। मरने वालों की पहचान मुंगेर जिलाके जमालपुर इलाके के छोटी केशोपुर निवासी वीर पासवान के 24 वर्षीय दो जुड़वां पुत्र विकास एवं विनय, चेतन पासवान के 20 वर्षीय पुत्र दीवाना एवं 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, धर्मेंद्र पासवान के 18 वर्षीय पुत्र मोनू, हीरा पासवान के 17 वर्षीय पुत्र रोहित एवं उपेन्द्र पासवान के 18 वर्षीय पुत्र अनुज शामिल के रूप में हुई है। वहीं घायलों में अलावा सागर कुमार, ऋतिक कुमार, सुशील कुमार शामिल हैं। अन्य की पहचान अब तक नहीं हुई है। वहीं ऑटो ड्राइवर की पहचान लखीसराय निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई।

## भारत के प्रख्यात कानूनविद फली एस. नरीमन का 95 वर्ष की उम्र में निधन, दिल्ली में ली आखिरी सांस



**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत के जाने-माने कानूनविद और सुप्रीम कोर्ट के अनुभवी वरिष्ठ वकील फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली। नरीमन का वकील के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव रहा। नवंबर 1950 में फली एस नरीमन बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के तौर पर रजिस्टर हुए। उन्हें 1961 में वरिष्ठ वकील का दर्जा दिया गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के बाद नरीमन ने 1972 से भारत की सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की।

## इस करोड़पति का 94 साल की उम्र में निधन, 700 कर्मचारियों को बनाया अपनी कंपनी का मालिक



**वॉशिंगटन 21 फरवरी।** बॉब की रेड मिल के संस्थापक बॉब मूर का हाल ही में 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनकी दरियादिली की हर तरफ चर्चा है। दरअसल, मूर की प्राकृतिक खाद्य पदार्थ कंपनी अपने साबूत अनाज उत्पादों और अपने कर्मचारियों के प्रति प्यार रखने के लिए काफी प्रसिद्ध है। बॉब ने दुनिया छोड़ने से पहले ही 700 से अधिक कर्मचारियों को अपनी कंपनी सौंप दी थी। मूर ने अपनी कंपनी को लेकर कुछ खास ही सोच रखा था। इसलिए एक खाद्य समूह को बेचने के बजाय उन्होंने अपने 700 कर्मचारियों को कंपनी का पूर्ण स्वामित्व दे दिया। दरअसल, उन्होंने साल 2010 में कंपनी के मालिक के रूप में हटने का फैसला ले लिया था। मूर ने अपने 81वें जन्मदिन पर अपने तत्कालीन 209 कर्मचारियों के लिए एक कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी।

## आवाज के जादूगर रेडियो सेलिब्रिटी अमीन सयानी का 91 वर्ष की उम्र में निधन



**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके बेटे राजिल सयानी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमीन सयानी ने बीती रात अस्पताल में अंतिम सांस ली। हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई। राजिल ने आगे बताया, अंतिम संस्कार को लेकर जल्द अपडेट दिया जाए। अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 को मुंबई में हुई था। उनकी पहचान एक रेडियो सेलिब्रिटी की रही। सयानी ने अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम गीतमाला के जरिए काफी लोकप्रियता हासिल की।

## भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे मनोज जरांगे, आज बुलाई मराठा समुदाय की बैठक, इस मुद्दे पर लेंगे बड़ा फैसला



**जालना।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल की भूख हड़ताल जारी है। मनोज जरांगे ने सेज सोयरे को लागू करने की मांग को लेकर अपनी भूख हड़ताल को जारी रखा है। मराठा समाज को शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक महाराष्ट्र विधानमंडल में सर्वसम्मति से पास हो गया। सरकार ने यह बिल पास करने के लिए एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने कहा है कि यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे के तहत होना चाहिए क्योंकि अलग कोटा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। इसका कोर्ट में टिकना मुश्किल होगा। पाटिल अपनी मांगों को लेकर चौथी बार भूख हड़ताल पर हैं। वह आज अपने आंदोलन के भविष्य के बारे में फैसला करेंगे।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# जिले में कला जत्था व एलईडी वाहन के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का किया जा रहा व्यापक प्रचार प्रसार

## योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आमजनों को किया जा रहा प्रोत्साहित





**कोरबा।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लोक हितैषी कल्याणकारी योजनाओं का कला जत्था एवं एलईडी वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था व प्रचार वाहन द्वारा संयुक्त रूप से जिले के सभी विकासखंडों के दूरस्थ ग्राम पंचायतों, पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कराकर उन्हें शासकीय योजनाओं से जुड़ने एवं अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कला जत्था की टीम में लोक कलाकारों द्वारा स्थानीय बोली में आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दे रहे है, इसी प्रकार एलईडी प्रचार रथ में लघु चलचित्रों के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। लोक कलाकारों एवं एलईडी वाहन की टीम द्वारा संयुक्त रूप से जिले के कोरबा विकासखण्ड के ग्राम पतरापाली, नकटीखार, गोढ़ी, करूमौहा, रजगामार सहित अन्य गांवों में कार्यक्रम कर ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया गया है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

जिसमें किसानों से किए वादा अनुरूप विपणन वर्ष 2023-24 में 21 क्विंटल प्रति एकड़ एवं 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई है, 13 लाख किसानों को मिला 2 वर्ष का बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रुपये का भुगतान, महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1000 रुपए सहायता राशि वितरण, प्रधानमंत्री आवास के तहत 18 लाख जरूरत मंद परिवारो के आवास निर्माण की स्वीकृति, तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे श्रमिकों की पारिश्रमिक 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए, रामलला दर्शन योजना के तहत राज्य के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन जैसे अन्य योजनाओं की जानकारी शामिल है। प्रचार टीम द्वारा आगामी दिनों में दूरस्थ ग्रामों में घूमकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

## सामान्य सभा में विलंब नेता प्रतिपक्ष ने चेताया

कोरबा। नगर निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने नगर निगम आयुक्त कोरबा को खत लिख कर शीघ्र ही सामान्य सभा की बैठक आहूत किए जाने मांग की है। नेता प्रतिपक्ष हितानंद ने खत में लिखा है कि नगरीय निकाय अधिनियम अंतर्गत प्रत्येक 2 माह में सामान्य सभा आहूत किये जाने का प्रावधान है। किंतु कोरबा नगर निगम में एक साल बीत जाने के बाद भी सामान्य सभा की बैठक आहूत नही की जाती है। उन्होंने खत में आगे लिखा है कि आने वाले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव हेतु आचार सहिंता लगने वाली है किंतु आज दिनांक तक सामान्य सभा के सम्मिलन हेतु किसी प्रकार की कोई सूचना नही है। ये महापौर के डर को प्रदर्शित करता है, शहर में विकास कार्य महापौर की निष्क्रियता के कारण ठप्प पड़े हैं। आमजनमानस में महापौर सहित नगर निगम के प्रति व्यापक रोष व्याप्त है नेता प्रतिपक्ष हितानंद ने नगर निगम आयुक्त को खत में आग्रह करते हुए दिवस के भीतर सामान्य सभा सम्मिलन आहूत कराए जाने की मांग की है। उन्होंने आगे लिखा है कि अगर सामान्य सभा आहूत नहीं होती है तो भाजपा पार्षद दल नगर निगम आयुक्त कक्ष के बाहर आमरण अनशन में बैठने के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी ।

## पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

### 03 मार्च 2024 को ज़िले में चलाया जाएगा सघन पल्स पोलियो अभियान



**कोरबा ।** भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में जिले में आगामी 03 मार्च 2024 को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु सीएमएचओ डॉ. केशरी की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला (प्रशिक्षण) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ जी एस जात्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी, समस्त ब्लाक के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर्स, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, बीपीएम तथा मितानिन को-ऑर्डिनेटर उपस्थित थे।कार्यशाला में पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च 2024 के संबंध में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. विनय कौशिक द्वारा पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु माईक्रोप्लानिंग, प्रशिक्षण कोल्डचौन, आब्जेक्टिव, आईईसी, माईकिंग, बूथ प्लानिंग, टीम गठन, ट्रांजिट टीम, मोबाईल टीम, हाउस टू हाउस विजिट, हाउस मार्किग, फिंगर मार्किग, एएफपी सर्वलेंस, सुपरविजन तथा रिर्पोटिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। सीएमएचओ डॉ केशरी ने कोरबा जिले में पल्स पोलियो अभियान के संबंध में बताया कि भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित किया जा चुका है, पोलियो वायरस पुनः प्रवेश ना कर सके तथा भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना आवश्यक है। इस हेतु भारत सरकार द्वारा सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 03 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेते हुए कोल्ड चेन उपकरणों की उपलब्धता, बूथ पर कार्य करने वाले कर्मचारियों तथा सुपरवाइजरों की समय पर प्रशिक्षण देने तथा व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये है।

## निर्मला स्कूल जाने निकली छात्रा को साही के कुत्ते ने किया जख्मी, हुई शिकायत

**कोरबा ।** स्टेटस सिंबल के साथ-साथ आजकल सुरक्षा की दृष्टिकोण से आर्थिक रूप से सक्षम लोगों में स्वान पालने का शौक कुछ ज्यादा ही बना हुआ है। समस्या तब होती है जब शौकीन लोग स्वान को खुला छोड़ देते हैं। बताया जा रहा हैं की खरमोरा क्षेत्र में इसी चक्कर में एक विद्यालयीन छात्र को स्वान के हमले का शिकार हो गई। यह मामला मानिकपुर पुलिस चौकी पहुंच गया है। पीड़ित पक्ष ने स्वान के मालिक पर कार्यवाही करने की मांग की है।आजकल विदेशी नस्ल वाले महंगे स्वान कोरबा के विभिन्न क्षेत्रों में नजर आ रहे हैं। कई मामलों में देखने को मिल रहा है कि लोग अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर जरूर है लेकिन स्वानो से दूसरे लोगों की सुरक्षा को लेकर उदासीन बने हुए हैं। खरमोरा में घटित हुई एक ऐसी ही घटना में विश्राम सिंह पटेल की सुपुत्री को विद्यालय जाने के दौरान स्वान ने जख्मी कर दिया।

## अग्निवीर भर्ती की तैयारी हेतु जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की जा रही व्यवस्था

कोरबा । भारतीय थल सेना मे अग्निवीर भर्ती हेतु जिला प्रशासन द्वारा इच्छुक आवेदकों को लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 01 मार्च 2024 से लाईवलीहुड कॉलेज में अग्निवीर भर्ती हेतु तैयारी कराई जाएगी। साथ ही संस्थान में आवेदकों को फिजिकल ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। जिसमें 5 किलोमीटर दौड़, लम्बी कूद, पुल अप आदि का भी प्रशिक्षण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में कुल 200 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके अंतर्गत कुल 100 छात्रों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण एवं 100 छात्रों को गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज से 15 किलोमीटर से अधिक दूरी में निवासरत आवेदकों को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।निःशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों से 28 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक निर्धारित तिथि तक लाईवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा के दूरभाष क्रमांक-07759-796297 एवं मोबाइल नंबर 9589583878 पर संपर्क किया जा सकता है ।

## गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु केंद्राध्यक्षों को दिए गए निर्देश

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2024 हेतु जिले के सभी हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूलों के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी केंद्राध्यक्षों को 23 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा कोरबा से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर संबंधित थाना/चौकी में जमा कराने हेतु निर्देश दिए हैं।

## योजनाओं को पूरा करने में नए नियम लगा रही सरकार : ज्योत्सना



कोरबा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पाली विकासखंड के ग्राम बड़ेबांका, रजकम्मा, नवापारा, ईरफ, बतरा, शक्तिपाठ सहित अनेक ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क दौरे के दौरान उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं व कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए एकमुश्त देने का वादा किया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया है और उसी तरह हर विवाहित महिला को 12000 रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की थी व हर महिला परिवार को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा ने अपने किसी भी घोषणा को अमलीजामा नहीं पहनाया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा के लोग अपने घोषणाओं से पलटने लगे हैं और नियमों का हवाला देकर योजनाओं को पूरा करने में नए-नए नियम लगा रहे हैं।

सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि इससे पहले भी भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही गरीबी रेखा के राशन कार्ड को निरस्त किया था। ये लोग फिर एक बार लोकसभा चुनाव से पहले चुनिंदा लोगों को लाभ देकर लोकसभा चुनाव के बाद अपनी घोषणाओं को भूल जाएंगे। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि भाजपा ने किसानों का कर्जा माफ का भी प्रोपोगंडा चलाया था जो अब सरकार बनने के बाद मुकरने लगे हैं। सांसद ने कहा कि तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार सतत रूप से प्रयासरत हैं। क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी और सडक़ के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में वे लगातार प्रयासरत रहेंगीं।

## अग्रसेन विद्यालय में निवनिर्मात कमरों का हुआ लोकार्पण

**कोरबा ।** अग्रसेन पब्लिक स्कुल में नव निर्मित कमरों का लोकार्पण हुआ । श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में द्वितीय तल में नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल वशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष छेदीलाल अग्रवाल व अध्यक्षता अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने की इस अवसर पर माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना दीपप्रज्जवल के साथ की गई । मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल के द्वारा रिबन काट कर पांच नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया है समाज के द्वारा स्कुल से लेकर महाविद्यालय में शिक्षा प्रदान कि जा रही है स्कुल में लगातार छात्राओं की वृद्धि हो रही है जिसके कारण पांच कमरों का निर्माण किया गया है इसके साथ ही कालेज में विस्तार किया गया है इस अवसर पर विषिश्ठ अतिथि छेदीलाल अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय ने कमेटी ने अच्छे काम किये है जिससे विद्यालय कि षहर में विशिष्ठ विद्यालय में गिनती होती है ।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने अपने उदबोधन में कहा कि विद्यलाय ने शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में शिक्षा दिया है हमारे विद्यालय का उददेष्य शिक्षा देना है श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष जयराम बंसल ने कहा कि विद्यालय में लगातार बच्चों कि वृद्धी हो रही है जिससे वर्तमान पांच कमारों का निर्माण कार्य किया गया है जिससे बच्चों को बेहतर व्यवस्था मिल सके । शिक्षा के साथ साथ बच्चों के विकास के लिए योगा संगीत कि शिक्षा प्रदान कि जा रही है जिससे



बच्चों का उचित विकास हो सके । इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल सचिव शिव अग्रवाल व राकेश अग्रवाल गोपाल अग्रवाल सतोश अग्रवाल श्रीमति भगवती अग्रवाल श्रीमति भगवती मोदी राधे बंसल श्याम सुन्दर अग्रवाल प्रेम अग्रवाल बंसत अग्रवाल राजेन्द्र अग्रवाल अशीष अग्रवाल मुकेश अग्रवाल अनिल अग्रवाल राकेश अग्रवाल नंद किशोर अग्रवाल भगवान दास अग्रवाल श्रीमति उमा बंसल विद्यालय के प्राचार्य श्रीमति शोभा सोनी व शिक्षक शिक्षकाऐं व छात्र छात्राऐं उपस्थित थे

## एम.आई.सी. द्वारा निगम का बजट पारित

**कोरबा ।** क्षेत्र नगर निगम की मेयर इन काउंसिल के द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2023-24 एवं बजट वर्ष 2024-25 को सहसम्मति से पारित करते हुए अंगीकृत किए जाने हेतु निगम की साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। इसके साथ ही निगम के विकास व निर्माण कार्यो, साफ-सफाई व्यवस्था, जलप्रदाय, उद्यान, वाहन, स्थापना तथा संपदा विभाग से जुड़े कार्यो से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर एम.आई.सी. द्वारा आवश्यक निर्णय लिए गए।नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2023-24 एवं बजट वर्ष 2024-25 प्रस्तुत किया गया।

## अदालत के साथ अब क्रिकेट की पिच पर वकीलों ने हुनर दिखाया,जीता पहला मैच





**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब द्वारा शहर के घंटाघर मैदान में आयोजित स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के शुभारंभ के साथ मंगलवार की शाम पहला मैच प्रेस क्लब इलेवन व अधिवक्ता इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर प्रेस क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अधिवक्ता इलेवन की टीम फिल्डिंग के लिए उतरी। निर्धारित 12 ओवरों में प्रेस क्लब इलेवन की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर कुल 97 रन बनाए। सर्वाधिक 46 रनो की पारी राजकुमार शाह ने खेली।लक्ष्य की पीछा करने उतरी अधिवक्ता इलेवन की टीम की शुरुआत खास नहीं रही, रन रेट धीमी गति से बढ़ रहा था। लेकिन बाद में तेजी से रन बनाकर अधिवक्ता इलेवन की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 1 ओवर शेष रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार अधिवक्ता इलेवन के खिलाड़ी रवि शर्मा को दिया गया। जिन्होंने अपने 3 ओवर में मात्र 7 रन देकर महत्वपूर्ण 2 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर करतार सिंह एवं वीर सिंह, मैच के स्कोरर सुनील कुमार यादव एवं कॉमेंटेटर भुवनेश्वर कश्यप रहे।

**पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**

प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता करने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद पहुंचे। उनके साथ श्री बीएन सिंह, पूर्व एल्डरमेन आरिफ खान भी पहुंचे। अतिथि के तौर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय जायसवाल, सचिव श्री नूतन सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मानसिंह यादव भी पहुंचे। कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकारों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान कोरबा प्रेस क्लब के संरक्षक श्री कमलेश यादव, अध्यक्ष श्री राकेश श्रीवास्तव, सचिव श्री दिनेश राज,कोषाध्यक्ष श्री रंजन प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार श्री विकास जोशी, श्री राजेन्द्र पालीवाल, श्री सुभाष अग्रवाल, श्री मनोज शर्मा, श्री नरेन्द्र मेहता, श्री रामेश्वर ठाकुर, श्री मनोज ठाकुर, श्री ई जयंत, श्री राजेश मिश्रा, श्री नागेंद्र श्रीवास, श्री राजेन्द्र दास, श्री हीरा राठौर, श्री प्रीतम जायसवाल, श्री तोपचंद बैरागी, श्री जित्तू हथठेल, श्री मारकंडे मिश्रा, श्री विक्की निर्मलकर, श्री रमेश यादव सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

**अतिथियों ने की आयोजन की सराहना**

मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं अध्यक्षता कर रहे महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. केशव लाल मेहता जी की स्मृति में 19 वर्षो से चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कोरबा प्रेस क्लब की सराहना की। साथ ही बधाई दी।

**आज दूसरे दिन होंगे दो मैच**

स्व. केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार की शाम दो मैच होंगे, जिसमें पहला मैच शाम 6 बजे शिक्षा विभाग इलेवन एवं उद्यानिकी विभाग इलेवन की टीम के बीच और दूसरा मैच रात 8 बजे नगर निगम इलेवन और एनटीपीसी इलेवन के बीच होगा।

## पटवारी से समस्या

**कोरबा।** जनपद पंचायत पाली अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कांजीपानी के सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से पटवारी द्वश अन्य जगह स्थानांतरण की मांग की है,ग्रामीणों ने कलेक्टर को सोपे ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पंचायत कांजीपानी थाना व तह0 पाली जिला कोरबा (छ0ग0) में स्थित है जिसका पटवारी नवरतन सिंह के द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य को पूरा नहीं किया जाता है ग्राम पंचायत कांजीपानी में पटवारी के कार्य प्रणाली से ग्राम के किसान बहुत ही परेशान है पटवारी किसी भी कार्य को सही ढंग से पूरा नहीं करता है किसी भी कार्य को आधा अधूरा करके छोड़ देता है उक्त पटवारी के द्वारा पैसा की मांग किया जाता है। फौती नामांतरण, जमीन बंटवारा इत्यादि सभी कार्यों में पटवारी हमसे पैसा का मांग किया जाता है जिससे हम सभी ग्रामवासियों का काम करने के लिए 50,000/-रु. से 1,00,000/-रू. तक की पैसा का मांग करता है तभी आप लोग का काम हो पायेगा बोलते हैं, 4 माह पूर्व जमा किया गया वन भूमि का पट्टा फार्म आज पर्यन्त तक पटवारी के द्वारा संबंधित कार्यालय/विभाग में जमा नहीं किया गया है, ग्राम पंचायत कांजीपानी के लोग पटवारी से बहुत ही परेशान हो गये

## एसईसीएल गेवरा खदान में विस्थापितों के प्रदर्शन से कोयला और ओवर बर्डन का काम बाधित



कोरबा । गेवरा खदान में नियोजित आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को अनदेखी व बार- बार मिल रहे झूठे आश्वासन से नाराज होकर प्रभावितों ने कोयला व मिट्टी परिवहन का कार्य रोक दिया। जानकारी मिलने पर कंपनी व एसईसीएल के अधिकारी स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि मंगलवार से स्थानीय लोगों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी और एक सप्ताह के भीतर रोजगार की भर्ती पूरी कर ली जाएगी, इसके बाद आंदोलन समाप्त किया गया।साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा खदान में नियोजित आऊटसोर्सिंग कंपनियों में आठ माह से प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है। इसेस लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। सोमवार को सुबह काफी संख्या में ग्रामीणों ने गेवरा खदान में घुसकर लगे कोयला व मिट्टी के काम में परिवहन को रोक दिया। निजी कंपनी कलिंगा, रुंगटा, केजे सिंह की परिवहन कार्य में लगी गाड़ियों के पहियों रोक दिए। इस दौरान ग्रामीण प्रदर्शन कर नारेबाजी करते रहे। जानकारी मिलते ही

एसईसीएल के परियोजना अधिकारी अशोक कुमार स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किए और समझाइश देते कहा कि कल से ही आउटसोर्सिंग कंपनियों में बेरोजगारों को रोजगार में नियोजित की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और एक हफ्ते में सभी प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार के भर्ती को पूरा कर ली जाएगी।

इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और पांच घंटे बाद आंदोलन समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कल से अगर भर्ती प्रक्रिया प्रबंधन द्वारा नहीं कराया जाता है, तो सुबह 10 बजे से फिर से खदान के कार्यों को बाधित करेंगे। ग्रामीण विनोद कुर्रे, तुलेश्वर बैरागी कुश बंजारा ने जानकारी देते हुए बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार के लिए तीन बार खदान को बंद किया गया था और तीनों बार प्रबंधन के द्वारा कंपनियों में रोजगार के लिए आश्वासन दिया गया था लेकिन हमेशा की तरह उनके आश्वासन झूठ ही साबित हुए।

# जेल जाने वाली महिला को सरकार देगी 25 हजार मुआवजा

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरताल निवासी मेघीबाई (73) पति पंचराम के विरुद्ध शिवरीनारायण आबकारी इंस्पेक्टर के द्वारा जमानतीय अपराध का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें उसे बेल बान्ड भरवाकर थाने से ही जमानत दे दी गई थी। जिसके बाद आबकारी पुलिस ने मेधीबाई को बिना सूचना दिए । जांजगीर न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया। महिला की उपस्थिति के लिए न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था जिसकी तामिली और सूचना भी महिला को कभी नहीं हुई। महिला को इसकी जानकारी उसके अधिवक्ता के माध्यम से हुई कि न्यायालय से उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है। यह सूचना मिलने पर उसने तुरंत न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर गिरफ्तारी वारंट को निरस्त



करने का आवेदन प्रस्तुत किया। लेकिन न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। जेल जाने के सात दिन बाद सत्र न्यायालय से उसकी जमानत हुई। मजिस्ट्रेट के इस आदेश एवं अवैध गिरफ्तारी के आदेश के विरुद्ध उसने अधिवक्ता गौरव सिंघल के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका प्रस्तुत कर उचित कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग की। जिस पर चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने सुनवाई की और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत इसे मूल अधिकारों का ज हनन माना। डिवीजन बेंच ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद स 21 के तहत प्रदत्त जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन किया गया है। इसलिए याचिकाकर्ता उचित मुआवजा पाने का हकदार है और हम उन्हें 25 हजार रुपये का मुआवजा देना उचित समझते हैं। राज्य सरकार द्वारा निर्णय के 30 दिनों की अवधि के भीतर महिला को मुआवजा देना होगा। इस आदेश के साथ ही मजिस्ट्रेट के आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया।

## गर्मी सिर पर, इधर नगर पंचायत की दमकल 6 माह से खराब

**बलौदा ।** नगर पंचायत का दमकल खराब होने की इ वजह से आगजनी की घटना होने पर क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आगजनी की घटना के बाद जब सहायता के लिए नगर पंचायत से फायर बिग्रेड भेजने की मांग की जाती है तब पता चलता है कि वह खराब है। ऐसे में जब जांजगीर फोन करने पर दमकल पहुंचता है तब तक आग से जलकर सामान खाक हो चुका होता है।

नगर पंचायत बलौदा में पिछले छह माह से फायर बिग्रेड खराब पड़ा हुआ है। नगर पंचायत परिसर में खड़े खराब फायर बिग्रेड केवल शोभा बढ़ा रहा है। आग लगने पर जब नगर पंचायत फोन लगाया जाता है तब लोगों को पता चलता है कि फायर बिग्रेड खराब है। नगर व आसपास आगजनी की कई घटनाएं हो चुकी है। नगर पंचायत में मात्र एक फायर बिग्रेड है वह भी खराब है। नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी खराब फायर बिग्रेड की मरम्मत की सुध नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण नगर व आसपास के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फायर बिग्रेड की स्थिति जानने के लिए एक ग्रामीण ने प्रभारी सीएमओ सौरभ तिवारी को फोन कर आगजनी म की घटना होने और फायर बिग्रेड प की जरूरत की बात कही। तब मे सीएमओ ने फायर ब्रिगेड छह माह ज से खराब पड़े होने का जवाब दिया। उन्होंने फायर बिग्रेड को कबाड़ में में तब्दील होने और बनने के स्थिति में उन नहीं है बताया ।

## ठंड में बच्चों का रखें विशेष ध्यानःडॉ अरविंद द्विवेदी

**जांजगीर चांपा।** ठंड के मौसम का अंतिम समय चल रहा है। ऐसे में मौसम में बदलाव शुरू हो चुका है। इसी वजह से रात में ठंड पड़ रही है, तो दिन में गर्मी पड़ रही है। साथ ही वर्षा होने से मौसम में आर्दता भी बढ़ रही है। इसकी वजह से मौसमी बीमारी के वायरस एक बार फिर सक्रिय हो गए है। तापमान में सुबह व शाम में पांच से छह डिग्री तक उतार-चढ़ाव आ जा रहा है। यह



मानव शरीर के लिए सही नहीं है, क्योंकि दिन की गर्मी के बाद शाम होते ही एकदम से ठंड पड़ने से वायरस संक्रमित होकर बीमार कर सकता है। इसलिए इन दिनों अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना जरूरी हो गया है। वक्त बातें नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अरविंद द्विवेदी ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों के साथ ही बुजुर्गों पर इस मौसम में विशेष ध्यान देना चाहिए। बाहर जा रहे हैं तो गर्म कपड़े जरूर पहनें, शरीर में पानी की मात्रा बढ़ा दें, ताकि डिहाइड्रेशन न हो। बुजुर्गों को खास एहतियात बरतनी चाहिए, अगर हार्ट के मरीज हैं तो उनकी दवा नियमित व समय पर दें, सुबह वाक पर जाएं तो गर्म कपड़े जरूर पहनें, ठंड को लेकर जरा सी लापरवाही बरतना भी घातक साबित हो सकता है। अगर बीपी, शुगर जैसी बीमारी है तो ऐसे व्यक्ति को पूरा ध्यान दें। संतुलित भोजन अपनाकर इस मौसम को बिना किसी परेशानी के गुजारा जा सकता है। इन सबके बीच कई तरह की बीमारियों के वायरस भी सक्रिय हैं। ऐसे में संक्रमण से रोकथाम के लिए भी जरूरी कदम उठाएं। डॉ अरविंद द्विवेदी ने कहा कि अगर आप बाहर जा रहे हो तो मास्क का उपयोग सुनिश्चित करें।

शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करें। कोरोना वायरस के साथ ही अब स्वाइन फ्लू का मामला भी सामने आया है। इसलिए इसे गंभीरता से लेना होगा। अपने साथ ही अपने स्वजन का भी ध्यान रखें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए सजग करें, तभी सभी सुरक्षित रह सकते हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन 22 फ़रवरी को जिले में

**जांजगीर चांपा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह का 22 को आगमन हो रहा है।रायपुर में बीजेपी पदाधिकारियों की बैठक के बाद दोपहर जांजगीर चाम्पा जिला पहुचे और लोक सभा चुनाव शंखनाद करेंगे।बीजेपी के कद्दावर नेता और गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर बीजेपी संगठन ने तैयारी के लिए बैठक शुरू कर दी है कल चार लोक सभा क्षेत्र के प्रभारी राजेश मूढ़त और जांजगीर चाम्पा लोक सभा प्रभारी गौरी शंकर अग्रवाल ने जिला बीजेपी कार्यालय में लोक सभा स्तरीय बैठक ली और पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्त्ताओ में लोक सभा चुनाव को लेकर अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए।



जांजगीर चाम्पा जिला के हाई स्कूल ग्राउंड को इस दिनों खास तरह से सजाया जा रहा है 22 फ़रवरी को जिले में प्रस्तावित अमित शाह के कार्यक्रम के लिए तैयारी भी की जा रही हैं,,केंद्रीय मंत्री जांजगीर चाम्पा जिला के सभा से लोक सभा चुनाव का शंखनाद करेगें। प्रदेश में जांजगीर चाम्पा जिला को केंद्रीय नेतृत्व अहम् सीट मान रही हैं यहां के मतदाताओ को बीजेपी की ओर बदलने का देश में सन्देश देने का प्रयास किया जायगा।

जांजगीर चाम्पा लोक सभा चार जिला से मिलकर बना हैं और जांजगीर चाम्पा,सक्ति,सारंगढ़ और बिलाईगढ़ शामिल हैं। इस चारो जिला के 8 सीटों में विधानसभा चुनाव में बीजेपी को भारी शिकस्त मिला और कांग्रेस ने 8 विधानसभा सभा सीट में कांग्रेस पार्टी ने अपनी जीत दर्ज की है। जनता ने बीजेपी के जिन प्रत्याशियों को नकार दिया उसमे कई बड़े नामी चेहरे शामिल हैं,, विधानसभा सभा में करारी हार के बाद अब बीजेपी के नेता जांजगीर चाम्पा लोकसभा को अपने हाथ से नहीं जाने देना चाहते और अभी से लोगो के बीच पहुच कर राज्य और केंद्र में मोदी ही ग्यारंटी के फायदे गिना कर मतदाता को अपने पक्ष में करने की तैयारी में हैं।

छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री का छत्तीसगढ़ में पहला प्रवास होगा,इस कारण भी अमित शाह के स्वागत में कोई कसर ना छूटे इस पर बीजेपी नेताओं की विशेष ध्यान हैं और अमित शाह को छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोक सभा सीट का उपहार देने का वादा कर मोदी के नारा बीजेपी 370 और 400 पार के नारा को सफल बनने में अपनी अहम भूमिका निभाने के तैयारी में हैंऔर प्रदेश की राजनीति में अपना रोल रखने वाले दूसरी पार्टी के नेताओं को भी बीजेपी अपनी ओर साधने की तैयारी में हैं।

# बाल विकास संस्कृत उमा विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

### दोस्तों से न रखे प्रतिद्वंदिता - शेषराज हरवंश

**जांजगीर चांपा।** सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ पढ़ाई लिखाई में अपने सहपाठी दोस्तों से छात्र छात्राओं को प्रतिद्वंदिता नहीं रखना चाहिए तथा अपने क्षमता के अनुसार अपने प्रदर्शन में ध्यान रखना चाहिए । उक्त उद्गार विधायक श्रीमति शेषराज हरवंश ने गत दिवस ग्राम डोंगाकोहरौद की बाल विकास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आसंदी से व्यक्त किए , आगे उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई में किसी भी प्रकार की तनाव न लें और आराम से पढ़ाई करें जिससे सफलता अवश्य मिलेगी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने भौतिक विज्ञान का सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव का आयोजन बच्चों में नवसंचार उत्पन्न करने के लिए परम्परा रहा है जो बसंती माह के अनुकूल वातावरण में किया जाता है , जो बारह महीने में न तो गर्मी का समय और न ही सर्दी का मौसम होता है , उसी के अनुरूप विद्यालय



संचालक द्वारा आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है । कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी सीताराम यादव , ठाकुर नवल सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी , देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल ने भी संबोधित कर बच्चों की सुंदर प्रस्तुती के लिए उनका उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि घासिराम चौहान विधायक प्रतिनिधी , रोहणी कश्यप मंडल उपाध्यक्ष भाजपा , ग्राम सरपंच श्रीमति पूर्णिमा गोंड , उपसपंच मनीष बंजारे भी उपस्थित रहे । इससे पूर्व गांव पहुंचने पर विधायक सहित सभी अतिथियों का कीर्तन मंडली व आतिशबाजी के साथ किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तैल चित्र पर मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया जिसके बाद मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति शेषराज हरबंश का साल श्रीफल से स्वागत स्कूल के संचालक उमाशंकर पाण्डेय द्वारा तथा अन्य अतिथियों का स्वागत स्कूल स्टाफ श्रीमति अहिल्या पाण्डेय , आकाश पांडेय , श्रद्धा पाण्डेय , भुनेश्वरी पाण्डेय , चांदनी कौशिक , स्वाति धीवर ,छत राम पटेल , सुखनाथ कैवर्त , योगेंद्र पटेल , अमन भारद्वाज , रूखमणी कैवर्ट , कविता सारथी , सरिता धीवर , गोमती सारथी , उमेश कश्यप आदि ने साल श्रीफल से किए , तत्पश्चात गांव के प्रमुख संतोष कौशिक , सीताराम कौशिक , बद्री प्रसाद कश्यप , बुधु पटेल , राधेश्याम कश्यप , बिंदराम कलार , वंशिदास , कांति कौशिक , अरूण पाण्डेय , कांति कौशिक , घनश्याम साहू , जोहन पटवा , बद्रीनाथ पटेल , रामलाल धीवर , गणेशराम धीवर , बलराम धीवर , बद्रिनाथ सूर्यवंशी आदि द्वारा फूलमाला से विधायक श्रीमति शेषराज हरबंश का किया गया । इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बड़ी संख्या में स्कुली छात्र छात्राओं , पालक जनों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संचालक उमाशंकर पाण्डेय द्वारा व संचालन संतोष यादव , सुखनाथ कैवरत द्वारा किया ।

### मन लगाकर करे पढ़ाई – एम एल कौशिक

कार्यक्रम समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी एम एल कौशिक ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ वे सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अभी से अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करें तो सफलता अवश्य मिलेगी , वहीं उन्होंने वार्षिकोत्सव की गरिमामय व सफलता पूर्वक आयोजन के लिए शाला परिवार को बधाई भी दिए ।

## तेज आवाज में डीजे पर कार्रवाई

**सक्ती ।** तेज अवाज में डीजे बजाने वाले पर पुलिस . ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डीजे सिस्टम को जब्त किया। अखराभांठा क्षेत्र में विवाह के दौरान तेज आवाज में डीजेबजाए जाने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची तो वहां तेज आवाज में डीजे बज रहा था। पुलिस ने आठ बड़े लाउड स्पीकर, डीजे सिस्टम और दो बेस एंप्ली फायर और स्पीकर जब्त किया। पुलिस ने नंदौरखुर्द निवासी नरेंद्र राठौर पिंता दिनेश राठौर के विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में इस्तगासा पेश किया है। जहां से अग्रिम काईवाई की जाएगी। एसपी अंकिता शर्मा ने कहा है कि, कोलाहल एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले के विरुद्ध ऐसी काईवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने विवाह में डीजे का इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। इस कार्रवाई,में थाना सक्ती के एएसआई नजरियस एक्का, प्रधान आरक्षक अजय कुरें, आनंद केंवर, मनोज जाना, सरजू सिदार, आरक्षक मनोज, राघवेंद्र, भगत दीपक, ज्वाला का योगदान रहा।

## नर्मदा परिक्रमा से लौटे श्रीवास्तव का हुआ स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा शहर के वरिष्ठ नागरिक हरिश्चंद्र श्रीवास्तव विगत दिनों 13 दिवसीय नर्मदा यात्रा पर थे जिन्होंने अपनी अनेक मान्यता लेकर 13 दिनों तक मां नर्मदा की परिक्रमा करके कल जांजगीर शहर लौटे हैं। नर्मदा परिक्रमा से लौटने पर हरिश्चंद्र श्रीवास्तव का केवल सामाजिक स्तर पर ही नही बल्कि अन्य समाज के लोगों द्वारा भी उनका शाल, श्रीफल भेंट कर के स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में उनके जांजगीर शहर लौटने पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रघुराज प्रसाद पांडेय, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉक्टर परस शर्मा, संतोष तिवारी,निरंजन गुप्ता,समाज सेवी शंकर सिंघानिया पत्रकार सीताराम नायक एवं वन विभाग से सेवानिवृत हुए श्री राठौर जी द्वारा उन्हें श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

# ऋण अदा करने के बाद अनापत्ति लेना टेढ़ी खीर

**जांजगीर-चांपा ।** बम्हनीडीह के एक युवक के द्वारा कार खरीदने के लिए लगभग एक लाख रुपये का लोन लिया गया था और बकाया राशि देकर ऋण खाता बंद कराना चाहा तो इंडसइंड बैंक खाता - क्लोज करने में आना कानी कर रहा है इससे युवक परेशान है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैंकों के लिए नियम बनाया गया है कि अगर कोई भी ग्राहक अपने लोन की सभी किस्त एक साथ जमा कर ऋण खाता बंद कराना चाहता है तो बैंक को ऐसा तुरंत करना होगा। लेकिन इंडसइंड बैंक जांजगीर द्वारा पूरे पैसे लेने के बाद भी लोन खाता बंद नहीं किया जा रहा है और ग्राहक को तरह तरह के बहाने बनाकर चलता कर दिया जा रहा है। युवक ने बताया कि लोन क्लोज करवाने के लिए वह बैंक के महीनों से चक्कर काटते आ रहा है। कभी बैंक में अधिकारी नहीं मिलते तो कभी फोन नहीं




उठाते। लोन क्लोज करने पर बैंक को प्रति माह ब्याज के तौर पर लाभ नहीं मिल पाता। इस लिए प्राइवेट बैंक लोन क्लोज करनेके लिए तरह तरह से बहाने बनाते हैं। शुरुवात में बैंक के अधिकारियों ने कहा कि सिस्टम अपडेट हो रहा है दो-चार दिन में लोन क्लोज कर दिया जाएगा लेकिन अब महीनो से बैंक के चक्कर काटने के बाद भी ऋण खाता बंद नहीं किया जा रहा है।

आए दिन गायब रहते है बैंक के अधिकारी

वैसे तो जब इंडसइंड बैंक को लोन देना था तो बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के घर जा कर लोन दिए थे परंतु जब ग्राहक को लोन संबंधी कामों में कोई दिक्कत होती है तो बैंक के अधिकारियों के द्वारा फोन नहीं उठाया जाता और जब ग्राहक बैंक के ब्रांच ऑफिस पहुंचते है तो वहां अधिकारी फील्ड में होने का हवाला देते हैं। कई बार वे फोन भी नहीं उठाते।

**साफ्टवेयर अपडेट के नाम से उलझाया एक माह से अधिक**

इंडसइंड बैंक जांजगीर द्वारा साफ्ट वेयर अपडेट होने का बहाना बनाते हुए ग्राहकों को एक माह से अधिक घुमाया जा रहा है। लोन देने के समय इस तरह का कोई बहाना नहीं बनाया गया पर जब लोन क्लोज कर एनओसी की मांग की गई तो बैंक के अधिकारियों द्वारा तरह तरह के बहाने बनाए जा रहे हैं।

## रेशम कोसा क्षेत्र में कदम रखने के साथ महिलाओं को सफलता

**जांजगीर- चांपा ।** मन में कुछ करने का ठान लो तो फिर हर असंभव सा दिखने वाला कार्य भी संभव हो जाता है। ऐसा ही करने का जज्बा दिखाया अमरीका साहू, संतोषी साहूए निशा साहू, छटबाई साहू, दुलेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू ने। जिन्होंने करीब 8 साल पहले जिला मुख्यालय की जनपद पंचायत पामगढ़ से 13 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खोरसी में रेशम विभाग और मनरेगा के संयुक्त योजनान्तर्गत लगे साजा और अर्जुन के पेड़ों पर रेशम के कृमिपालन कर कोसा फल उत्पादन का काम शुरू किया। स्व सहायता समूह की महिलाएं जो कुछ साल पहले तक अपने खेतों में खरीफ की फसल लेने के बाद सालभर मजदूरी की तलाश में लगी रहती थी, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। यही वजह रही है कि आज समूह न सिर्फ कुशल कृमिपालक के तौर पर कोसा फल उत्पादन कर अतिरिक्त कमाई कर रही हैं ।

समूह की महिलाओं की आगे बढ़ने की ललक ने उन्हे जिले में बेहतर स्वरोजगार की ओर मोड़ दिया। समूह ने रेशम विभाग के कोसा कृमिपालन स्वालम्बन समूह खोरसी का प्रतिनिधित्व करते हुए कृमिपालन और कोसाफल का उत्पादन व संग्रहण का कार्य कर शुरू किया। जिससे जुड़कर समूह कुशल कृमिपालक के क्षेत्र में 3 सालों में लगभग 3 लाख रुपए की अतिरिक्त आमदनी अर्जित की है।

### निजी उपयोग के लिए सड़कों पर कर दिया राखड़ डंप

**जांजगीर चांपा।** जिले में खुले स्थानों पर राखड़ डंप करने का खेल बदस्तूर जारी है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

इस समस्या से निजात दिलाने आखिरकार जिम्मेदार अफसर मौन क्यों हैं? बड़ा सवाल है। ऐसा ही एक मामला चांपा तहसील क्षेत्र के सिवनी से जगदल्ला चांपा की ओर जाने वाले रास्ते में मिलेंगे। जिसमें करोड़ों की लागत से नई सड़क निर्माण किया गया है।

# स्थानीय संस्कृति और परंपरा को मिल रहा बढ़ावा

**जांजगीर - चांपा ।** रेलवे के इंजीनियर की शादी में निमंत्रण पत्र से लेकर मंडप , खाने का स्टाल और स्टेज सब में छत्तीसगढ़ी रंग दिखा। यहां तक बारात में भी दूल्हा बैलगाड़ी में सवार होकर निकला। आर्शीवाद समारोह में आयोजित स्नेह भोज में छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टाल लगाया गया था। यहां तक डीजे में जो गीत बजे वह भी छत्तीसगढ़ी में थे। इस अनूठे विवाह की चर्चा जैजैपुर सहित आसपास के गांवों में भी जमकर है।ग्राम खैरा निवासी मयंक चंद्रा पिता कमलेश कुमार का विवाह ग्राम सेरो जिला सक्ती निवासी मनहरण लाल चंद्रा की बेटी प्रियंका चंद्रा के साथ 18 फरवरी को हुआ। इस विवाह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपरा देखने को मिला शादी का आमंत्रण पत्र छत्तीसगढ़ी में छपवाया गया था।

वर के घर के मंडप की साज सज्जा भी छत्तीसगढ़ी अंदाज में किया गया था। बारात भी जनवासे से बैलगाड़ी में निकली। विवाह के बाद सोमवार 19 फरवरी को आर्शीवाद समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें खाने के स्टाल में छत्तीसगढ़ व्यंजन बनाकर सजाया गया था। जिसमें मूंग भजिया, चनाचटपटी, फरा, खुरमी, तिखुर, डूबकी, बटकर की सब्जी, जिमिकांदा, ननकी बड़ी, प्याज भाजी, कैथला, चावल, दाल, बासी, बिजौरी, लाई बड़ी, मुनगा, झुनगा बड़ी, उसना चावल आदि की व्यवस्था थी। खाने के प्लेट के ऊपर पत्तल बिछाया गया था। इस तरह स्टेज से लेकर खाने के स्टाल तक सब जगह छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखी। यहां तक स्टाल की साज सज्जा भी पर्रा, टोकरी, सूपा, लालटेन, झाड़ू, पैरा, बांस , बोरी, खाट आदि से की गई थी। इस शादी की



व्यवस्था की चर्चा न केवल शादी समारोह में बल्कि पूरे जैजैपुर नगर और आसपास के गांवों में भी रही। लड़के के पिता कमलेश चंद्रा सीएसईबी कोरबा में असिस्टेंट इंजीनियर है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की इच्छा थी कि लोग हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपरा को भूल रहे हैं। इसे लोग याद रखें और भावी पीढ़ी इससे परिचित हो इस सोच के साथ शादी में पूरी व्यवस्था गांव की पुरानी परंपरा के आधार पर हो। स्टाल में भोजन सर्व करने वाली महिलाएं भी लुगरा पहनकर छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में उपस्थित थीं। उन्होंने बताया कि आर्शीवाद समारोह के लिए स्टेज और स्टाल आदि तैयार करने में लगभग 8 से 10 दिन लग गए। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में टोकरी, बांस , बल्ली, पैरा, लालटेन, परंपरा गत बर्तन आदि की व्यवस्था करनी पड़ी।

वर रेलवे में इंजीनियर वधु नर्सिंग आफिसर

वर मयंक चंद्रा पंजाब के फिरोजपुर में रेलवे में इंजीनियर हैं। जबकि वधु प्रियंका चंद्रा एम्स भुवनेश्वर में नर्सिंग आफिसर के पद पर पदस्थ हैं। उच्च शिक्षित होने के बाद भी इन्होंने आधुनिकता के बजाय अपने विवाह को छत्तीसगढ़ी रंग देना उचित समझा।

आर्शीवाद समारोह में छत्तीसगढ़ी लोक गीत

आर्शीवाद समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा के बजाय अर्जुंदा के छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के कलाकारों को बुलाया गया था। इनके द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन को लोगों ने खूब सराहा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- ercivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/193 Raipur, date: 16.02.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/2023/68 | Annual civil works at Ash Dyke Jhabu HTPS, CSPGCL, Korba West. | 45.59 Lacs | 45,600/- | 12 Months | 81000 36172 |
| 2 | EDC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/ 2023/69 | Annual pollution control and maintenance work of ash dyke of Risda- Podimar at DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East. | 16.08 Lacs | 16,100/- | 12 Months | 81000 36169 |
| 3 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/W/ 2023/70 | Annual pollution control and maintenance work of ash dyke Lotlota at HTPS, CSPGCL, Korba East | 19.28 Lacs | 19,300/- | 12 Months | 81000 36171 |

Cost of tender form is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST) for Sl. No. 01 and Rs. 590/- (Rs. 500/- + 18% GST) for Sl. No. 02 & 03. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 11.03.2024 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 13.03.2024 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal.

Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii) Maintenance period for the work shall be Nil for Sl. No. 01, 02 & 03.

Executive Director (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur

//Save Electricity//

S-39724/3


## जांजगीर-चांपा में 52,00,000 रुपए से बीडीएम गार्डन को संवारा, सालभर में ही सुंदरता पर लगा ग्रहण

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित बीडीएम बालोद्यान का सालभर पहले ही उन्नयन कराया गया है। बालोद्यान को संवारने के लिए नगरपालिका ने शासन मद और अध्यक्ष मद मिलाकर 52 लाख रुपए खर्च किया है पर इतनी बड़ी राशि खर्च होने के चंद माह बाद बालोद्यान की सुदंरता पर ग्रहण लगा हुआ नजर आ रहा है। बच्चों के लिए जम्पिंग झूला लगाया गया था जो टूटकर अब एक कोने में धूल खाते पड़ा हुआ है। वहीं नौकाविहार भी शो पीस बनकर रह गया है। बच्चों के पानी में तैरने के लिए जो पैडल बोट थे, अधिकांश टूट-फूट गए हैं। जिसे मरम्मत कराने के बजाए जिम्मेदारों ने बालोद्यान के ही एक कोने में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है। जिससे साफ नजर आ रहा है कि संवारने के नाम पर केवल जनता के पैसा फूंकने की होड़ है। एक बार काम हो जाने के बाद उसका लाभ आम पब्लिक को मिल रहा है या नहीं, जिम्मेदारों को इससे कोई मतलब नहीं है। इसे जिम्मेदारों की लापरवाही की कही जाए कि लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी यहां आकर बच्चों को खेलने-कूदने के नाम पर चंद टूटे झूले और घिसलपट्टी से ही मन बहलाना पड़ रहा है। नौकाविहार में कभी-कभार ही बच्चों को नाव चलाने का मौका मिलता है। क्योंकि गिनती के एक-दो पैडल बोट ही है। बाकी टूट-फूट कर खत्म हो गए हैं। सोमवार को भी नौकाविहार बंद था।

## अनमोल वचन

जब अपने खफा होने लग जायें तो आप,
समझ लेना आप सही राह पर हैं।

# ममता सरकार पर दाग

संदेशखली कांड में तृणमूल सरकार के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। पश्चिम बंगाल का संदेशखली कांड ममता बनर्जी की सरकार पर एक गहरा दाग बनता जा रहा है। जिस तरह राज्य सरकार ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को इस गांव में जाने से रोका है, उससे यह धारणा और गहराई है कि वह कुछ छिपाना चाहती है। इस कांड में गंभीर आरोप तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगे हैं। उत्तर 24 परगना के गांव संदेशखाली की दर्जनों महिलाओं ने तृणमूल सदस्यों पर यौन उत्पीड़न के संगीन आरोप लगाए हैं। इन महिलाओं के सामने आने के बाद आठ फरवरी को से वहां विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। महिलाओं ने इल्जाम लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े शेख शाहजहां और उसके कथित गिरोह ने यौन उत्पीड़न करने के अलावा उनकी जमीन के बड़े हिस्से पर जबरन कब्जा भी कर लिया है। गांव के कई लोगों ने आरोप लगाया है कि वहां पुरुषों को तृणमूल कांग्रेस की बैठकों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। अगर कोई इससे इनकार करता था, तो उनकी पत्नियों को धमकी दी जाती थी। शेख शाहजहां स्थानीय जिला परिषद के सदस्य भी हैं। जनवरी में जब ईडी की टीम उनके घर पर छापेमारी के लिए पहुंची, तब उनके समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था। ईडी की टीम कथित राशन घोटाले से संबंधित मामले में उनके घर पर पहुंची थी। महिलाओं ने शेख शाहजहां के सहयोगियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर भी यौन उत्पीड़न में शामिल होने का आरोप लगाया है। सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि हाजरा फरार है। मुमकिन है कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक मकसद से इस कांड को बहु प्रचारित किया हो। मसलन, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के 12 फरवरी को संदेशखाली का दौरा करने को लेकर उठे सवाल वाजिब हैं। राज्यपाल ने उत्पीड़न का दावा करने वाली महिलाओं से मुलाकात की थी। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए थी। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। ऐसे कदमों से पार्टी का दामन अधिक दागदार होता जाएगा।

## राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा हैं। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कोई नया पद मिलेगा जिससे उनकी छवि बनेगी। दूसरो की समस्याओं से आप विचलित हो सकते हैं, इसलिए आप उनकी समस्या का निवारण करेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जाएगा। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे,परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नजर आएंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन अनुपम रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आपकी भूमि पर चल रहे झगड़ों से आज छुटकारा मिलेगा, जिससे आपकी भूमि वापिस मिल जाएगी। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी और अधिक लाभ होगा। माता जी आपके काम में हेल्प करेंगी, आपको काफी आराम रहेगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

सिंह राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज वह मैथ्स के टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे। आपका फ्रेंड आपसे कोई जरुरी सामान की डिमांड कर सकता है, जिसे आप वह सामान दिलाएंगे।

कन्या राशि-आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज बिजनेस में अच्छा लाभ मिलेगा और वह आज अपने बिजनेस को काफी विस्तृत करेंगी।

तुला राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। किसी बात को लेकर भाई-बहन में अनबन हो सकती है, बहस करने से बचें। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते हैं, जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवन साथी आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपसी रिश्ता मजबूत होगा।

वृश्चिक राशि-आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। स्पोर्ट्स के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। बुजुर्गों की सेवा करें जिनका आशीर्वाद आपको मिलेगा, आप जल्द ही सफल होंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्तों में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। बिजनेस के क्षेत्र में चल रहे प्रयास आपके सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा। पौष्टिक भोजन को करें जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा।

मकर राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे ,घर में सुख शांति स्थापित होगी। आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस पार्टनर के साथ आपके संबंध ज्यादा बेहतर रहेंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फ्रेश फील करेंगे। नव विवाहित दंपत्ति आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिए जाएंगे, भगवान से अपने रिश्ते के लिए प्रार्थना करेंगे। परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

मीन राशि-आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रैशन लोगों पर साफ दिखेगा। आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी जिसके सुधार के लिए आपको मेहनत से लगने की जरुरत है। आपको फालतू के खर्चों को कम करना चाहिए जिससे परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। दादा- दादी का समय बच्चों को कहानियां सुनकर स्पेंड होगा।

# रशिया विदाउट नवेलनी

//श्रुति व्यास//

**एलेक्सी नवेलनी निहत्थे थे और अकेले थे। मगर फिर भी वे उस आदमी के लिए सबसे बड़ा खतरा थे जो सारी दुनिया के लिए खतरा बना बैठा है। उस आदमी से, उसकी तानाशाही से, उसकी बेरहमी से और उसकी सत्ता से नवेलनी अकेले ही लड़ते रहे। और बाकी दुनिया, जो अपने आप को बहुत ताकतवर बताती है और पश्चिम के देश और आजादी के तराने गाने वाले उसके तमाम नेता चुप्पी साधे रहे।उन्होने नवेलनी के लिए कुछ नहीं किया। नवेलनी से बहुत उम्मीदें थीं, सिर्फ रूसियों को ही नहीं बल्कि सारी दुनिया को। सारी दुनिया इन दिनों यह जानते हुए है कि लोकप्रियता की लहर पर सवार तानाशाह राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों का बोलबाला बढ़ रहा है।और इस हकीकत में उम्मीद की एक आवाज़ नवेलनी को व्लादिमिर पुतिन ने सोलह फरवरी को हमेशा हमेशा के लिए चुप कर दिया।**

नवेलनी बहुत शिष्ट थे। वे करिश्माई थे। और उनकी आँखों में आग थी। मगर कुल मिलाकर वे एक आम आदमी थे, जिसमें कुछ भी ख़ास नहीं दिखता था। वे वकील थे जो पुतिन की भ्रष्ट सरकार और उनके गुर्गों के काले कारनामों का भंडाफोड़ करने के लिए ब्लॉगर बने। फिर वे एक राजनीतिज्ञ बने और फिर केवल और केवल पुतिन के अकेले और निडर आलोचक। पुतिन की निर्मम और भ्रष्ट सरकार के खिलाफ खड़े होने के उनके साहस के चलते वे सोवियत संघ के पतन के बाद के पहले और अकेले विपक्षी नेता बने। इसकी शुरूआत 2011 में हुई जब पुतिन की युनाईटेड रशिया पार्टी ने धांधली से चुनाव जीता।नवेलनी की पहल पर इसके खिलाफ दसियों हजार लोगों ने सड़कों पर उतर पर प्रदर्शन किया। इनमें मजदूरों से लेकर शहरी बुद्धिजीवी तक शामिल थे। इनका नारा था 'रशिया विदाउट पुतिन'।अफसोस कि आज 12 साल बाद पुतिन अभी भी सत्ता में है और 'रशिया विदाउट नवेलनी ' है।नवेलनी को यह अहसास था कि वे पुतिन के लिए खतरा हैं और यह भी कि मौत उनका पीछा कर रही है। सन् 2020 में पहली बार उन्हें मौत के खतरे का सामना करना पड़ा। जब वे साईबेरिया में चुनाव प्रचार कर रहे थे तब उनके कपड़ों पर रूसी सेना द्वारा बनाया गया नोवीचोक नामक एक नर्व एजेंट बुरक दिया गया। वे कोमा में चले गए। उन्हें इलाज के लिए बर्लिन ले जाया गया। उनकी जान बच गई और यह एक चमत्कार ही था। इस घटना से वे डरे नहीं बल्कि और दृढ हो गए। यदि उनकी जगह कोई और होता तो वह किसी दूसरे देश में राजनैतिक शरण ले लेता और अपनी जान की खैर मनाता। लेकिन उन्होंने रूस वापिस जाकर अपने कातिल पुतिन का मुकाबला करने का फैसला किया।वे जानते थे कि इसकी उन्हें क्या कीमत चुकानी होगी। उन्हें मास्को पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया और बेतुके आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। लेकिन उन्होंने अपना इंतकाम ले लिया। उनके साथियों ने दो घंटे की फिल्म ''व्लादिमीर द पाईजनर ऑफ अंडरपेंटस रिलीज कर दी। इस फिल्म में काला सागर में पुतिन के गुप्त आलिशान महल का खुलासा किया गया जिसमें हैलीपेड़, गुंबदों वाला निजी गिरजाघर, सोने के शौचालय और पोल डांस के लिए स्टेज है। ऐसा बताया जाता है कि नवेलनी पर फिल्मों और टीवी धारावाहिकों का काफी प्रभाव था और राजनीति की उनकी पूरी समझ ''द वायर और द वेस्ट विंग पर आधारित थी। साइंस फिक्शन उनकी पहली पसंद था, जिसमें एक भयावह ब्रह्माण्ड में डरावने और निहायत दुष्ट विलेन होते हैं।वे पुतिन के रूस के खिलाफ एक खतरनाक लड़ाई लड़ रहे थे, जहां जीवन एक क्रूर, वहशी की कड़ी निगरानी में जीना पड़ता था और जो देश एक खुली जेल के मानिंद था। इसलिए नवेलनी एक योद्धा बन गए, इस नए युग के योद्धाने इंटरनेट को अपना हथियार बनाया।नवेलनी जो कुछ करते, उसे वे यूटयूब पर लाईव स्ट्रीम करते थे। वे सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करते थे। सत्ता ने उन्हें एक इन्टरनेट योद्धा बताकर उनका मखौल बनाया। लेकिन जल्दी ही यह इंटरनेट योद्धा, क्रेमलिन के गले का कांटा बन गया। उनकी बढ़ती ताकत से घबराकर क्रेमलिन ने उनके 2017 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगा दी। हालांकि यूटयूब के जरिए राजनीति में उनकी दखल लगातार बनी रही। चाहे बर्लिन में उनके उपचार का समय हो या जेल के सींखचों के पीछे सड़ने का दौर, सब कुछ इन्टरनेट पर था। नवेलनी जेल में रहने के दौरान भी पुतिन के लिए मुसीबत बने रहे। अपने वकीलों के जरिए नवेलनी इंस्टाग्राम पर अपने सन्देश पोस्ट करते रहे। ये पोस्ट नाटकीय, व्यंग्यात्मक और प्रेरक हुआ करते थे। फरवरी 2022 में जब पुतिन ने यूक्रेन पर हमला किया, तब उन्होंने रूसियों से सड़कों पर उतरने का आव्हान किया। इससे पुतिन इतने घबरा गए कि उन्होंने अपने लोगों के ज़रिये नवेलनी पर और झूठे केस लाद दिए और नवेलनी के कारावास की अवधि 19 साल और बढ़ गई। उन पर पर आरोप यह था कि वे 'अतिवादी' हैं। दिसंबर में उन्हें आर्कटिक सर्किल में एक नए गुलाग में रख दिया गया। गुलाग पुराने सोवियत संघ में उन जेलों को कहा जाता था जिनमें कैदियों को बहुत ख़राब हालात में रखा जाता था और उनसे बहुत कड़ी मेहनत करवाई जाती थी। इस गुलाग का नाम था 'पोलर वुल्फ'।उन्हें टुन्ड्रा से घिरे एक ऐसे स्थान में रख दिया गया जहाँ जिंदा रहना ही बड़ी उपलब्धि होती है।उस समय भी ऐसी आशंका जाहिर की गयी थी कि उनकी सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। मगर नवेलनी बिलकुल डरे नहीं, वे वहां रख दिए जाने से बिलकुल परेशान नहीं थे। उनकी आँखों की चमक बरक़रार रही और शारीरिक और मानसिक रूप से उन्हें तोड़ने के प्रयासों को उन्होंने हंसी में टाल दिया। यामल जेल के प्रांगण में जमा देने वाली सर्दी में मोर्निंग वाक करते समय भी उन्होंने मजाक करने की अपनी क्षमता नहीं खोई। उन्होंने अमरीकी फिल्म निर्माता-अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'द रेव्नेंट' को याद किया, जिसमें नायक ठंड से बचने के लिए अपने घोड़े को मार कर उसकी खाल में शरण लेता है। उन्होंने लिखा ÷यहाँ तो हाथी की ज़रुरत है जो गर्म हो बल्कि भूना जा चुका हो।÷ वे वीडियो लिंक के जरिये अदालत की पेशियों में उपस्थित होते थे जिनमें वे जजों, सरकारी वकीलों और जेल के गार्डों पर फब्तियां कसते थे। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि वे पुतिन और उनकी सरकार के लिए अजेय खतरा बने रहे। हाल में उन्होंने रूसियों से यह अपील की थी कि वे आने वाले चुनावों में पुतिन के खिलाफ वोट दें।यह आखिरी बार था जब उन्हें देखा-सुना गया। और16 फरवरी को उनका क़त्ल कर दिया गया, शायद ज़हर देकर। उनका शव अब तक उनकी माँ को सौंपा नहीं गया है। ऐसा बताया जाता है कि यह इसलिए किया जा रहा है ताकि मौत के पहले उनके साथ जो किया गया, उसके प्रमाण मिटाए जा सकें। इस बीच, उन्हें श्रद्धांजलि देने वाले 300 रूसियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

सन 2021 में जो बाइडन ने धमकी दी थी अगर नवेलनी रूस की हिरासत में मारे गए तो पुतिन को इसके नतीजे भुगतने होंगे।अब नवेलनी मारे जा चुके हैं और दुनिया सिर्फ शोक व्यक्त कर रही है। पुतिन की जुबानी आलोचना कर रही है। पुतिन की निंदा करना, उनके अपराधों के लिए उन्हें कोसना, उनकी गिरफ़्तारी की मांग करना, उन्हें जवाबदेह ठहराना ङ्क यह सब तो ठीक है। मगर ये जबानी जमाखर्च खोखला है यदि उसके अनुरूप कोई कार्यवाहीं नहीं होती। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर जो प्रतिबन्ध पश्चिम ने लगाए थे, उनसे न तो रूस की अर्थव्यस्था को कोई नुकसान हुआ है और ना ही पुतिन का बाल बांका हुआ। उलटे, जिन देशों का नेतृत्व पुतिन जैसों के हाथों में है, वे उन्हें और शक्तिशाली बनाने की जुगत में लगे हुए है। अगले महीने रूस में होने वाले चुनाव में पुतिन निर्विरोध जीत जाएंगे। राष्ट्रपति का चुनाव बिना नवेलनी के होगा और पुतिन अकेले उम्मीदवार होंगे। वे एक बार फिर अपने देश के आका बनेंगे।

बावजूद इसके सत्य यह भी है कि कुछ भी हमेशा नहीं रहता। रूस लौटने के तीन साल बाद नवेलनी ने लिखा था- ÷पुतिन का राज हमेशा नहीं रहेगा। एक दिन वे पाएंगे कि उनके दिन लद गए है।÷ पुतिन एक दिन गायब हो जाएंगे और उन्हें कोई याद नहीं करेगा। मगर नवेलनी हमेशा याद रहेंगे। वे एक ऐसे आम इंसान के रूप में याद किये जाएंगे जो दीये की तरह तूफ़ान से टकराया। उन्होंने केवल पुतिन से मुकाबला ही नहीं किया बल्कि दुनिया को दिखाया कि एक अकेला आदमी भी मगरूर तानाशाहों से लड़ सकता है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुतिन का पतन देखने के लिए वे नहीं रहेंगे। मगर यह तय है कि आखिर में जीत उनकी की होगी।

# रोजगार मेले का झुनझुना

//हरिशंकर व्यास//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक देश में जो चार जातियां हैं उनमें से एक जाति किसान की है, और वह फिलहाल सड़क पर उतरी है। किसान उबल रहा है और सरकार ने सारी ताकत लगाई है कि किसी तरह से किसान पंजाब से निकल कर हरियाणा और वहां से दिल्ली न पहुंच पाएं। सीमाओं पर ऐसी किलेबंदी हुई है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ किसान दिल्ली की सीमा पर पहुंचे तो आधे घंटे में सबको हिरासत में लेकर बसों में भर दिया गया और वापस भेज दिया गया। प्रधानमंत्री ने एक दूसरी जाति बताई है महिलाओं की। उनको सरकार की ओर से आरक्षण की मृग मरीचिका दिखाई गई है।**

नए संसद भवन में पहला बिल महिला आरक्षण का पेश हुआ था और संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। लेकिन वह प्रावधान 2029 से पहले लागू नहीं होगा। उससे पहले इस साल के चुनाव के बाद जनगणना होगी और फिर परिसीमन और तब महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। लेकिन उससे पहले प्रधानमंत्री की पार्टी अपनी तरफ से महिलाओं को उनकी आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व नहीं दे सकती है। अभी देश में राज्यसभा की 56 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें आधी यानी 28 भाजपा की सीटें हैं। इन सीटों पर उसकी जीत तय है। इसके अलावा भी पार्टी ने दो उम्मीदवार उतारे हैं। लेकिन कुल महिला उम्मीदवारों की संख्या पांच है यानी 20 फीसदी से भी कम। प्रधानमंत्री के अपने राज्य गुजरात से चार लोग भाजपा की टिकट पर राज्यसभा में जाएंगे लेकिन कोई महिला नहीं होगी। महाराष्ट्र से भाजपा के तीन और उसकी दो सहयोगी पार्टियों के दो यानी कुल पांच लोग राज्यसभा में जाएंगे, जिनमें से एक मेधा कुलकर्णी महिला हैं। मध्य प्रदेश से भी भाजपा के चार लोग राज्यसभा में जाएंगे, जिनमें से एक माया नरोलिया महिला हैं। राजस्थान से दो और ओडिशा से एक सीट भाजपा को मिल रही है लेकिन उनमें कोई महिला नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने आठ उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से दो- साधना सिंह और संगीता बलवंत महिला हैं। बिहार के दो में से एक धर्मशीला गुप्ता महिला हैं। हरियाणा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ में एक एक सीटें हैं, जिन पर पुरुष उम्मीदवार ही हैं। सोचें, अगर कोई पार्टी महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिनिधित्व देने को प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री उसे एक ऐसी जाति मान रहे हैं, जो वंचित है तो फिर कानून बनने का इंतजार क्यों करना है। क्यों नहीं पार्टी अभी से नवीन पटनायक या ममता बनर्जी की तरह महिलाओं का 40 फीसदी या उससे ज्यादा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर रही है। यह विरोधाभास या दोहरा रवैया सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने में ही नहीं है, बल्कि महिलाओं के लिए लागू योजनाओं में भी है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मध्य प्रदेश में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने साढ़े 12 सौ रुपए देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा था कि वे इसे बढ़ा कर तीन हजार रुपए महीना तक ले जाएंगे। राज्य में भाजपा की नई सरकार बनी तो शिवराज सिंह सीएम नहीं बने।

नए मुख्यमंत्री के आते ही योजना पर संकट के बादल मंडराने लगे। हालांकि अभी यह योजना चल रही है लेकिन इसमें से कुछ समूहों को बाहर करने का काम शुरू हो गया है। पैसा बढ़ाए जाने की संभावना भी नहीं दिख रही है। लेकिन सबसे हैरानी की बात है कि अगर भाजपा को लग रहा है कि यह योजना महिलाओं के उत्थान के लिए रामबाण है और इससे पूरी महिला जाति का कल्याण हो सकता है कि देश भर में इसे क्यों नहीं लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने किसानों को एक जाति माना है तो उनको साल में छह हजार रुपए की सम्मान निधि दे रहे हैं तो दूसरी जाति यानी महिलाओं को भी ऐसी निधि क्यों नहीं दी जानी चाहिए। भाजपा शासित दूसरे राज्यों में लाड़ली बहना योजना क्यों नहीं शुरू कर दी जा रही है। क्या मध्य प्रदेश की महिलाओं को ज्यादा जरुरत है और उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा आदि राज्यों की महिलाओं को इसकी जरुरत नहीं है। केंद्र सरकार ने लखपति दीदी बनाने की योजना शुरू की है। पहले इसके तहत दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना था लेकिन अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी। लखपति दीदी का मतलब यह नहीं है कि महिलाओं को लाख रुपए की मदद मिलने वाली है। उनको इस योजना के तहत सरकार छोटे छोटे लोन देगी ताकि वे अपना कारोबार शुरू करके एक लाख रुपए साल के यानी हर महीने आठ हजार रुपए की कमाई करने में सक्षम हो जाएं। इस योजना के तहत उनको डिजिटल बैंकिंग से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जैसे किसी जमाने में बेटी पढ़ाई, बेटी बचाओ योजना का प्रचार था और बंद है उसी तरह से अब लाड़ली बहना या लखपति दीदी की योजनाएं हैं।

00

# गरीब को पांच किलो अनाज

प्रधानमंत्री की बताई चार जातियों में से एक जाति गरीब की है, जिसके बारे में सरकार की ओर से दावा है कि पिछले नौ साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। अंतरिम बजट से पहले सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार की ओर से तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दोहराया। हालांकि भारत में गरीबों की संख्या के आकलन का कोई स्पष्ट आधार नहीं है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग यानी एनएसएसओ की ओर से 2017-18 में गरीबी का आंकड़ा जारी करने वाला था, जिसे सरकार ने रोक दिया था। इस तरह 2011 के बाद से गरीबी का औपचारिक आंकड़ा जारी नहीं हुआ है। फिर भी सरकार का दावा है कि 25 करोड़ को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है। अब कितने गरीब बचे हैं इसका आधिकारिक आंकड़ा नहीं है।

वैसे भी न तो गरीबी के आंकड़े जारी हुए हैं और न 2011 के बाद जनगणना हुई है। हर दस साल पर होने वाली जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन 2020 में आए कोरोना की वजह से इसे रोक दिया गया। बाद में सारे चुनाव हुए और दूसरी तमाम गतिविधियां हुईं लेकिन जनगणना नहीं हुई। इसलिए भी आबादी और उसकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति के बारे में सरकार के पास कोई औपचारिक डाटा नहीं है। कोरोना के बीच सरकार ने पांच किलो अनाज मुफ्त देने की योजना शुरू की थी, जिसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नाम दिया गया। इसे दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजना बना कर प्रचारित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने इसे पांच साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया। यानी 2028 तक देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच किलो अनाज मिलता रहेगा।


## तस्वीरों की दुनिया


जम्मू पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वागत किया।


पंजाब के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।


राजद नेता तेजस्वी यादव ने पटना में अपनी जन विश्वास यात्रा शुरू करने से पहले मीडिया से बात की।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की।


नई दिल्ली में आईटीओ के पास ट्रैफिक जाम में गाड़ियां फंसी हुई।


कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बेंगलुरु में विधान सौध में बजट सत्र के दौरान बोलते हुए।


बीकानेर में भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

# किसानों से झड़प में एसपी सहित दो घायल, डीजीपी ने दिए क्रेन जैसी भारी मशीनें जब्त करने के निर्देश

**चंडीगढ़, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए शंभू बार्डर के साथ ही संगरूर में खनौरी बार्डर की ओर जा रही क्रेन व भू-खनन की भारी मशीनों को जब्त करने के आदेश दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को पंजाब के मुख्य सचिव को कानून व्यवस्था बनाए रखने की स्थिति के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश के बाद डीजीपी ने देर रात सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को यह आदेश जारी किया है। दूसरी ओर डीजीपी के निर्देश के बाद पुलिस ने जब शंभू बार्डर की ओर जा रही भारी मशीनों को रोकने की कोशिश की तो उनकी किसानों से झड़प हो गई। इसमें शंभू थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर अमन पाल सिंह विर्क और मोहाली के एसपी जगविंदर सिंह चीमा घायल हो गए।

दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीजीपी के निर्देश के बाद पुलिस की ओर से नाकेबंदी भी की जा रही है, ताकि इस प्रकार की मशीनें बार्डर की ओर न जा सकें। पंजाब सरकार को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति चिंता का विषय है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने किसानों की ओर से लाई जा रही बड़ी-बड़ी मशीनों को देखते हुए यह पत्र लिखा है। केंद्र को आशंका है कि हरियाणा सरकार की ओर से किसानों को दिल्ली की ओर जाने से रोकने के लिए लगाए गए सुरक्षा बलों के साथ टकराव हो सकता है। इसमें काफी नुकसान होने का डर है। यही नहीं, हरियाणा के डीजीपी ने भी पंजाब सरकार को इस प्रकार की मशीनें रोकने के लिए कहा है। यह भी कहा है कि इन मशीनों से सुरक्षा बलों को नुकसान हो सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने पंजाब के डीजीपी के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी पंजाब सरकार को निर्देश देने को कहा, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह पत्र लिखा है।



केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, 1,200 ट्रैक्टर-ट्रालियां, 300 कारें, 10 मिनी बसों और छोटे वाहनों के साथ लगभग 14,000 लोग पंजाब-हरियाणा के शंभू बार्डर पर एकत्र हुए हैं। एजेंसियों की इस रिपोर्ट के बाद ही गृह मंत्रालय ने पंजाब सरकार को अपनी कड़ी आपत्तियों से अवगत कराते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करने को कहा है।

सूत्रों के अनुसार, पंजाब सरकार की ओर से ढाबी-गुजरान बैरियर पर करीब 500 ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ लगभग 4,500 लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी। डीजीपी द्वारा जारी पत्र में लिखा है कि 18 फरवरी को सुबह सवा आठ बजे हुई मीटिंग में क्रेन सहित अन्य भारी मशीनों को पंजाब-हरियाणा बार्डर पर स्थित शंभू व खनौरी की ओर जाने से रोकने को कहा गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि डीजीपी के साथ 18 फरवरी को बैठक होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में मशीनें बार्डर पर कैसे पहुंच गईं।

## दिल्ली में बेकाबू हुई DTC की इलेक्ट्रिक बस, एक बाद एक कई वाहनों को मारी टक्कर, छह लोग घायल

**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

आजादपुर ट्रैफिक सिग्नल के पास मंगलवार की शाम डीटीसी की एक इलेक्ट्रिक बस ने एक के बाद एक कई वाहनों में टक्कर मार दी। इससे करीब छह लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची आदर्श नगर पुलिस ने सभी घायलों को जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गई। जहां सभी का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस बस चालक व पीड़ितों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डीटीसी क्लस्टर बस चालक की ओर से कई वाहनों में टक्कर मारने की सूचना मंगलवार की शाम 07.42 बजे मिली। जानकारी देने वालों ने बताया कि आजादपुर गोल चक्कर, ट्रैफिक सिग्नल के पास एक बस चालक ने कई वाहनों में टक्कर मार दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि 174 रुट पर चलने वाली इलेक्ट्रिक बस कंझावला से आजादपुर होते हुए बुराड़ी की ओर जा रही थी। आजादपुर के पास कई वाहनों में टक्कर मार दी। चालक की पहचान लाला राम व सह-चालक की पहचान हितेश कुमार के रूप में हुई है।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि बस ने पहले एक बाइक को टक्कर मारते हुए, एक अन्य वाहन में टक्कर मारी। जिससे दो से तीन अन्य वाहन भी एक-दूसरे से टकरा गए। जिसमें दो बाइक, एक कार और एक बीएमडब्ल्यू कार थी। पुलिस के पहुंचने से पहले सभी मौके से वाहन लेकर जा चुके थे।पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पीसीआर वैन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## आतंकी पन्नू मामले में भारत की जांच पर आशावादी है अमेरिका, अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने जताई उम्मीद

**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**



अमेरिका के उप विदेश मंत्री (प्रबंधन और संसाधन) रिचर्ड वर्मा ने कहा कि अमेरिका खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल साजिश के मुद्दे पर भारत सरकार के साथ लगातार अपना संपर्क में है। वह भारत की ओर से गठित उच्चस्तरीय जांच समिति की पड़ताल को लेकर आशांवित हैं।रिचर्ड वर्मा ने भारत दौरे के दौरान खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में कहा कि उन्होंने भारत सरकार के समक्ष इस विषय पर अपनी चिंताएं जताई हैं। भारत सरकार ने इस मामले की जांच को बहुत गंभीरता से लिया है। इसके लिए हम उनके आभारी हैं।विगत नवंबर में अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया था कि भारत के एक सरकारी कर्मचारी (नाम सीसी-1) ने निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति को पन्नू की हत्या कराने के लिए नियुक्त किया था। लेकिन इस साजिश को अंजाम तक पहुंचने से पहले ही अमेरिकी प्रशासन ने विफल कर दिया। भारत के सरकारी कर्मचारी की पहचान अभी तक पता नहीं होने के कारण मैनहट्टन की संघीय अदालत को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

जबकि हत्या की साजिश के आरोप में निखिल गुप्ता फिलहाल चेक रिपब्लिक की हिरासत में है। इसका दोष साबित होने पर दस साल कैद की सजा होती है।भारत में पूर्व अमेरिकी राजदूत वर्मा ने आबर्जवर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) की आयोजित परिचर्चा में एक सवाल के जवाब में कहा कि लाल सागर में भारत और उसकी नौसेना जो कुछ भी कर रही है, वह सराहनी है। भू-राजनीतिक चुनौतियों और रणनीतिक जल क्षेत्र में विभिन्न वाणिज्यिक जहाजों पर हाउती आतंकियों के हमले से रक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका बहुत बढ़ गई है। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कई जहाजों को बचाया है। जबकि लाल सागर में अमेरिका समेत किसी भी सैन्य समूह में भारत शामिल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के खतरे असली हैं।

## मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूं..., मुजफ्फरपुर में गरजे तेजस्वी यादव, चाचा को बताया थका हुआ सीएम

**मुजफ्फरपुर, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर से जन विश्वास यात्रा की शुरुआत की। कुढ़नी प्रखंड के सकरी सरैया में लालू यादव मोड़ से यात्रा की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री रहते हुए मैंने एक थके हुए मुख्यमंत्री से काम कराया। एक दिन में दो लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र बंटवा कर देश में लकीर खींच दी। यह कीर्तिमान है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, लोग राजद को माई की पार्टी कहते हैं। हम उन्हें बताना चाहते हैं की राजद माई के साथ-साथ बाप की भी पार्टी है। राजद सिर्फ मुस्लिम-यादव (माई) नहीं बल्कि बहुजन, अगड़ी, आधी-आबादी एवं गरीबों (बाप) की भी पार्टी है।अपनी राजनीतिक विरासत की चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूं। दो बार उपमुख्यमंत्री रह चुका हूं। पिछले विधानसभा चुनाव में 112 सीट लेकर भी वह मुख्यमंत्री बनने से वंचित रह गए थे। साजिश के तहत 10 से 15 सीटों पर राजद के उम्मीदवारों को हरा दिया गया। नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि आदरणीय चाचा तीसरी नंबर की पार्टी के नेता हैं। साढ़े तीन साल मे तीन बार मुख्यमंत्री एवं 17 वर्षों में नौ बार मुख्यमंत्री की शपथ ले चुके हैं। उन्होंने 17 सालों में जो नहीं किया हमने 17 माह में कर दिखाया है। अपनी इसी उपलब्धि को लेकर वह जनता के बीच जा रहे हैं। राजद नेता ने कहा, विधानसभा चुनाव में उन्होंने मुख्यमंत्री बनने पर 10 लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने की बात कही थी। तब चाचा ने कहा था कि पैसा अपने बाप के यहां से लाओगे। मैंने अपने 17 माह के कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देकर साबित



कर दिया कि यदि वह मुख्यमंत्री होते तो 10 लाख लोगों को नौकरी देते। उन्होंने कहा, यदि वह मुख्यमंत्री बनेंगे तो राज्य का विकास करेंगे। नहीं बने तो भी जनता की आवाज उठाते रहेंगे।

मुख्यमंत्री बनने की कोई हड़बड़ी नहीं है। जन विश्वास यात्रा के दौरान वह जनता के बीच जाकर 17 साल बनाम 17 महीने की अपनी विकास यात्रा को रखेंगे। इसी विश्वास के नाते जनता से वोट मांगेंगे। जहां तक आदरणीय चाचा की बात है, उनके पास ना विजन है ना गठबंधन को बदलने का रीजन। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला राजद अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने की। संचालन कुढ़नी प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने किया। इस अवसर पर विधायक अमर पासवान, मुन्ना यादव, कांग्रेस विधायक बिजेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, विधायक निरंजन राय, पूर्व विधायक मिथिलेश यादव, पूर्व विधान पार्षद गणेश भारती, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद मुकुल, अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल साधु आदि उपस्थित मौजूद रहे। यहां से उनकी जन विश्ववास यात्रा सीतामढ़ी के लिए रवाना हो गई।

## यूक्रेन में जारी रहेगा जीत का सिलसिला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो टूक



**मास्को, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

लंबी लड़ाई के बाद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अव्दीविका शहर जीतने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूसी सेना युद्ध के मैदान में सफलता का सफर जारी रखेगी। वह यूक्रेन में कई और इलाके जीतेगी। मई 2023 में बाखमुट जीतने के बाद रूसी सेना के लिए यह सबसे बड़ी सफलता है।पुतिन ने अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने के अमेरिका के आरोप को खारिज किया है। कहा, रूस अंतरिक्ष में ऐसी किसी तैनाती का विरोधी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने जीते हुए अव्दीविका शहर का जो वीडियो जारी किया है उसमें सारे मकान बमबारी या गोलाबारी से नष्ट या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। इस शहर पर कब्जे के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच करीब एक वर्ष से भीषण लड़ाई चल रही थी। बताते हैं कि कुछ हफ्ते पहले यहां पर यूक्रेनी सैनिकों के लिए टिके रहना मुश्किल हो गया और वे वहां से जान बचाने के लिए भागने लगे। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के अव्दीविका से भागने के बाद युकेन सरकार ने सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की। पुतिन ने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और सेना को बधाई देते हुए कहा कि अब वहां पर निर्माण होना चाहिए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के बड़े नुकसान का दावा किया है। रूस समर्थित सशस्त्र संगठनों के कब्जे वाले डोनेस्क से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित अव्दीविका पर कब्जे के लिए रुक-रुककर 2014 से ही लड़ाई चल रही थी। यहां पर लगा सोवियत संघ कालीन कोयला प्लांट यूरोप का सबसे बड़ा प्लांट है। रक्षा मंत्री शोइगू ने बताया है कि रूसी सेना ने खेरसान इलाके के एक यूक्रेनी गांव पर भी कब्जा किया है। यह गांव निप्रो नदी के किनारे है।

## पाकिस्तानी संसद ने दुष्कर्म के दोषियों को सरेआम फांसी देने की मांग ठुकराई, 341 संदिग्धों में से केवल 23 को मिली सजा

**इस्लामाबाद, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तानी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने यौन अपराधियों और दुष्कर्म के दोषियों को सरेआम फांसी देने की मांग वाले विधेयक को मंगलवार को नामंजूर कर दिया। दि एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेटर मुश्ताक अहमद खान ने चेयरमैन सादिक संजरानी की अध्यक्षता में सोमवार को सीनेट के विदाई सत्र के दौरान यह विधेयक पेश किया था। सीनेटर मुश्ताक ने कहा कि पिछले पांच वर्ष के दौरान अकेले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में



दुष्कर्म के 1,122 मामले पंजीकृत हुए। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने 581 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से 494 बरी हो गए। महिला के साथ दुष्कर्म के 341 संदिग्धों में से केवल 23 को ही सजा मिली। बच्चियों के साथ दुष्कर्म के 152 आरोपितों में से कोर्ट ने केवल 64 को सजा सुनाई। पीएमएल-क्यू सीनेटर कामिल अली आगा ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका में दोषी को घातक इंजेक्शन दिए जाने का वीडियो जारी किया जाता है। सऊदी अरब में सरेआम दंड दिया जाता है। यदि हम मुस्लिम हैं तो हमारी सजा सही होनी चाहिए। पीटीआई सीनेटर हुमायूं मोहम्मद ने भी विधेयक का समर्थन किया। पीपीपी, पीएमएल-एन ने विधेयक का विरोध किया।

## अलमालिक शहर में छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत, 30 लोग गंभीर रूप से घायल

**अलमालिक, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

उज्बेकिस्तान के अलमालिक शहर में मंगलवार को परियोजना साइट पर छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में 30 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी देते हुए उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतवास ने एक्स पोस्ट में मृतकों परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अलमालिक सिटी हॉस्पिटल में उपचार करा रहे पीड़ितों से मुलाकात की। दूतावास ने कहा कि पीड़ितों की यथासंभव मदद सुनिश्चित करने के लिए हम नियोक्ता कंपनी और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। मृतकों व घायलों के परिजनों से दूतावास व नियोक्ता कंपनी द्वारा संपर्क किया जा रहा

### किसान आंदोलन को लेकर 177 सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक, मंत्रालय ने जारी किए आदेश

**नई दिल्ली।** किसानों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े 177 सोशल मीडिया अकाउंट और वेब लिंक को सरकार ने अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया है। आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत गृह मंत्रालय के अनुरोध पर इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 14 और 19 फरवरी को आदेश जारी किए गए थे।जानकारी के अनुसार, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, स्नैपचैट और कुछ अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर लिंक और अकाउंट को ब्लाक करने का आदेश दिया गया है।

## एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में चार दोषियों को उम्रकैद, एक-एक लाख का जुर्माना भी लगा

**भागलपुर, 21 फरवरी [एजेंसी]।**

सबौर थानाक्षेत्र के राजपुर गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या मामले में मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-14 विवेक कुमार ने चार अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई।सजा सुनाए गए अभियुक्तों में मु. सनफराज, मु. शमशाद, मु. चनसो और मु. बिन्हा शामिल हैं। इन्हें एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी देना होगा। न्यायाधीश ने आरोपित मु. अमजद को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। सरकार की तरफ से अपर लोक अभियोजक मु. अकबर ने बहस में भाग लिया।राजपुर गांव में रेलवे की जमीन को लेकर हुए विवाद में सनफराज, शमशाद, चनसो, बिन्हा आदि ने एक ही



परिवार के मु. इश्तेयाक, कलीम, जब्बार और बेबी को मवेशी काटने वाले छुरे से गोद-गोदकर मार डाला था। अभियुक्त मवेशी के मांस का कारोबार करता था। दो घायलों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। दो अन्य की मौत जवाहर लाल नेहरू अस्पताल और पटना मेडिकल कालेज अस्पताल में हुई थी। हत्या के बाबत मु. शहबाज के फर्द बयान पर सबौर थाने में केस दर्ज कराया गया था।राजपुर में नरसंहार को लेकर तब काफी संख्या में लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया था। हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी, मृतकों के आश्रितों को मुआवजा, नौकरी और जमीन देने की मांग की थी।

प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी, डीआईजी और एसएसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए हत्यारों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल करा उन्हें सजा दिलाने की मांग की थी। राजपुर नरसंहार में न्यायालय का निर्णय जानने के लिए दोनों पक्षों से काफी संख्या में लोग सबौर राजपुर से कचहरी परिसर आए हुए थे। न्यायालय हाजत से जैसे ही अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा घेरे में न्यायालय ले जाया जाने लगा, अभियुक्तों के रिश्तेदार और जानने वाले भी उनके पीछे-पीछे चलने लगे। जिन्हें सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों ने दूर हटा दिया।

# भाजपा ने कोविन्द समिति को सौंपे सुझाव में की एक देश-एक चुनाव की पैरवी

**नईदिल्ली, 21 फरवरी [एजेंसी]।**



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एक देश-एक चुनाव पर गठित पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली समिति को अपने सुझाव सौंपे और लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकायों में एक साथ चुनाव कराने की पैरवी की। पार्टी ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची बनाने का भी आह्वान किया। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने बताया कि उन्होंने प्रस्ताव किया है कि अगर तीनों चुनाव तत्काल एक साथ कराना संभव न हो तो पहले लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। लेकिन दीर्घकाल में स्थानीय निकायों के चुनाव भी लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव के साथ कराए जाने चाहिए अन्यथा बार-बार लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता की वजह से इसका मकसद विफल हो जाएगा। नड्डा ने कहा कि समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए आम सहमति बनानी चाहिए, साथ ही विश्वास जताया कि इस पर सभी लोग एक साथ आगे बढ़ेंगे।

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक समेत प्रमुख विपक्षी दलों ने इस विचार का यह कहते हुए कड़ा विरोध किया है कि यह देश के संघीय ढांचे पर हमला है।दिए हुए सुझावों के बारे में नड्डा ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता की वजह से प्रशासन और सुशासन प्रभावित होता है। चुनाव के दौरान चल रहे जन-कल्याणकारी कार्यों को रोक दिया जाता है, अक्सर एक राज्य में तीन बार। इससे आर्थिक गतिविधियां ठप हो जाती हैं और राजनीतिक दलों व सरकारों पर वित्तीय बोझ बढ़ जाता है। इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है। अलग-अलग चुनाव होने की स्थिति में आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों को भी बार-बार चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। शिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मियों जैसे अन्य कर्मचारी भी चुनाव कार्यों में लगाए जाते हैं। इससे प्रशासन और जन-कल्याणकारी कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आम सहमति का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि एक साथ चुनाव कराने के लिए कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में नड्डा के साथ भूपेंद्र यादव और ओम पाठक शामिल थे।

### लर्नर लाइसेंस और ड्राइविंग लाइसेंस की वैलिडिटी इतने तारीख तक बढ़ी, सरकार ने दी लोगों को राहत

नई दिल्ली। सड़क मंत्रालय ने लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया गया। मंत्रालय ने सारथी पोर्टल में कुछ समस्या के कारण लाइसेंस की वैधता बढ़ाने का निर्णय लिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में कुछ समस्या के कारण आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए ऐसे लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है। उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

## महिलाओं के लिए पढ़ाई के बाद शादी नहीं नौकरी महत्वपूर्ण, NICEF की रिपोर्ट में दावा



**नईदिल्ली, 21 फरवरी।**

महिलाओं के लिए पढ़ाई के बाद शादी नहीं, नौकरी महत्वपूर्ण है। यह बात यूनिसेफ के एक सर्वे में सामने आई। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी के प्रति युवाओं के दृष्टिकोण को समझने के लिए हाल ही में यह सर्वे किया गया था। यूनिसेफ के युवा मंच युवाह और यू-रिपोर्ट द्वारा आयोजित इस सर्वे में पूरे भारत में 18-29 आयु वर्ग के 24,000 से अधिक युवाओं की राय जानी गई। सर्वे में श्रम बल और गैर-पारंपरिक नौकरियों में युवा महिलाओं की भागीदारी को प्रभावित करने वाले कारक के नतीजों के मुताबिक, लगभग 75 प्रतिशत युवक और युवतियों का मानना है कि पढ़ाई के बाद रोजगार हासिल करना महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस सर्वे को लेकर श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का समर्थन करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर बल दिया।उन्होंने कहा, हमें सभी स्तरों पर महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ानी चाहिए क्योंकि हम 2047 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाएं बनने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए अनुकूल ईकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पालिका प्रशासन ने कंक्रीट की जगह लगा दी टीना की छत

# लापरवाही की भेंट चढ़ी धनवंतरी दवा दुकान

#### डेढ़ साल में पूरा नहीं हो सका भवन

**चरचा कालरी।** विगत कई माह से नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के नागरिक स्वास्थ्य सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है राज्य शासन एवं एसईसीएल दोनों ही स्वास्थ्य के नाम पर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं इसके अतिरिक्त रही सही कसर पूरी करने में नगर पालिका प्रशासन भी एक कदम बढ़कर मनमानी पर उतारू है प्रदेश की पूर्व भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार कार्यकाल के दौरान प्रदेश के नागरिकों को सहज सरल रूप मे एवं बेहद कम पैसों पर दवाइयां उपलब्ध कराने के क्रम में धन्वंतरी योजना अंतर्गत दवा दुकान योजना प्रारंभ कराई गई थी इस योजना के अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा प्रशासन द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक छोटे से दवा दुकान का निर्माण कार्य पालिका प्रशासन द्वारा प्रारंभ कराया गया था जो विभागीय मनमानी एवं लापरवाही की भेंट चढ़ गया धनवंतरी दुकान बनाते लगभग डेढ़ साल से भी अधिक का समय बीत चुका है किंतु आज दिवस धनवंतरी दवा दुकान जनता को समर्पित नहीं किया जा सका जबकि छोटे से दुकान का निर्माण करने में 2 महीना से अधिक का वक्त नहीं लगता नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी



पदाधिकारी यह नहीं बता रहे हैं कि निर्माण कार्य कब पूरा होगा अथवा निर्माण कार्य पूरा न होने की वजह क्या है या फिर उक्त स्थल पर दुकान क्यों नहीं खोली जा रही है प्रदेश सरकार को उपलब्धि बताने के क्रम में कागजी खानापूर्ति करने हेतु जल्दबाजी में शासकीय प्राइमरी शाला प्रांगण के अंदर धनवंतरी दवा दुकान प्रारंभ कर दी गई जबकि दवा दुकान को मुख्य मार्ग में रहना चाहिए था जिससे आम आदमी सहज रूप में दवाई ले सकें यही वजह है कि अभी भी क्षेत्र के कई नागरिकों को मालूम नहीं की धनवंतरी दवा दुकान भी चर्चा शिवपुर पालिका क्षेत्र में है। पालिका प्रशासन द्वारा मनमानी के क्रम में मासूम बच्चों की सुविधाओं को दरकिनार करते हुए मुख्य मार्ग में एसईसीएल की भूमि में स्थित स्कूली बच्चों के लिए बने स्कूल बस स्टॉप को तोड़कर उसमें धनवंतरी दुकान का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया अभिभावकों के पूछने पर कहा गया कि जल्द ही दूसरा बस स्टॉप बना बना देंगे किंतु आज तक बस स्टॉप नहीं बना और बच्चों को धूप बारिश में खड़ा होना पड़ रहा है।

धनवंतरी दवा दुकान हेतु नगर पालिका शिवपुर चर्चा के होनहार इंजीनियर ने अनूठा एस्टीमेट तैयार किया जिसे पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति दे दी पालिका प्रशासन द्वारा ठेकेदार से धनवंतरी दवा दुकान में कंक्रीट छत की ढलाई की जगह बेहद पतले लोहे की नालीदार चादर डलवा दी जबकि पूरे छत्तीसगढ़ के शासकीय धनवंतरी दवा दुकानों में हर जगह कंक्रीट की छत का उपयोग किया गया है जनउपयोग से संबंधित इतने महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में इस प्रकार की लापरवाही बेहद ही सोचनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है।

***जनहित के कार्यों को नजर अंदाज करना उचित नहीं है , पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी है कि तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण कर धनवंतरी दवा दुकान प्रारंभ करें ।***

***राजेश सिंह***
***उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा***

### 3 मार्च को जिले भर में पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा

**सूरजपुर।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2024 का आयोजन जिले में 03 मार्च 2024 को किया जा रहा है। जिसमें 03 मार्च 2024 को बूथ पर तथा 04 एवं 05 मार्च 2024 को घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु लगभग (01 लाख 28 हजार 788) 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी। जिसके लिये 724 पालियों बूथ पर 900 टीम तथा 2 हजार 336 कर्मचारी निर्धारित स्थान पोलिंग बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बाजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलायेगें। जिले से उक्त अभियान की सतत निगरानी हेतु प्रत्येक विकास खण्डों हेतु मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है, टीम के द्वारा 03 मार्च 2024 को बूथ लेवल पर भ्रमण तथा 04 एवं 05 मार्च को घर-घर भ्रमण कर अभियान की सतत निगरानी की जायेगी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारी की देखरेख में जिले की टीम अभियान को सफल बनाने हेतु भ्रमण करेगी।

### कोटमीसोनार में खुलेगी पुलिस चौकी



**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में गृह विभाग के अनुदान, चर्चा के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से ग्राम कोटमीसोनार में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी खोलने की मांग की। जिस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में जवाब देते हुए ग्राम कोटमीसोनार में पुलिस चौकी खोलने की घोषणा की । विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम कोटमीसोनार की आबादी 10 हजार से अधिक होने के साथ गांव जांजगीर चांपा जिले एवं बिलासपुर जिले के बार्डर पर स्थित है। गांव में राज्य का प्रसिद्ध क्रोकोडाइल पार्क स्थित होने से बडी संख्या में पर्यटक प्रतिदिन गांव में आते हैं। गांव में पुलिस चौकी खुलने से गांव के लोगों को सुरक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ पर्यटक भी सुरक्षा के साथ गांव में आवागमन कर सकेंगे।

### सैनिक कल्याण कार्यालय ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कोरिया।** डोमनहिल, चिरमिरी निवासी व सेवानिवृत्त सिग्नलमैन, श्री प्रियेश कुमार की जमगहना के पास भाड़ी मोड़ में सड़क दुर्घटना हो गया था। श्री प्रियेश कुमार की इलाज के दौरान 18 फरवरी को मेडिकल कॉलेज, अम्बिकापुर में निधन हो गया। श्री प्रियेश कुमार को ससम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कोरिया के कमाण्डर श्री रणजीत बिष्ट ने श्री प्रियेश कुमार की आकास्मिक निधन पर शोक संतृप्त परिवार से मुलाकात किया और दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि केन्द्र तथा राज्य शासन की हर संभव मदद इनके परिवारजनों को की जाएगी। इस अवसर पर कल्याण संयोजक कोरिया, अम्बिकापुर तथा पूर्व सैनिक संगठन के सैनिक सदस्यों द्वारा विदाई दी। बता दें श्री प्रियेश कुमार वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे, उनके एक बेटा भी है।

## छह माह बाद भी पालिका की बैठक नहीं होने पर प्रतिपक्ष को आपत्ति



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के नेता प्रतिपक्षअन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने परिषद कि बैठक कराने के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण करवाते हूऐ माग की है।

नगरपालिका अधिनियम की धारा 51 में नियम 8 के तहत हर 60 दिन में कम से कम एक बैठक बुलाने या कैलेंडर वर्ष में कुल 6 बार बैठक होना चाहिऐ, मगर यहां पर इन नियमों को दर किनार कर दिया गया है। राज्य सरकार के नगरपालिका अधिनियम में साफ तौर पर आदेश है कि नगरीय निकाय की बैठक हर दो महीने में एक बार होना चाहिए, बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद की बैठक लगभग छ- महीने से नहीं हुई है। जबकि हर 2 महीने के अंतराल मे परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाने का नियम है। लेकिन बैठक न होने की वजह से शहर में कई विकास कार्यों को जहां मंजूरी नहीं मिल पा रही है। कई निर्माण कार्य अटके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के सीएमओ पार्षदों का विशेष सम्मेलन को बुलाने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे है परिणाम स्वरूप शहर के विकास की योजनाओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। नगर पालिका अधिनियम के तहत निकायों को प्रत्येक 60 दिन के अंतराल मे निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन बुलाना होता है। वहीं इस संबंध मे नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा कि बैठक बुलाने की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की है। उन्हें समय-समय पर बैठकें आयोजित कराना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा है कि परिषद के विशेष सम्मेलन का पार्षदों को बेसब्री से इंतजार है। इसका कारण यह है कि एक ओर पिछली बैठक में स्वीकृत कार्य जहां शुरू नहीं हो पाने से उनमें आक्रोश है। परिषद की बैठक सीएमओ को बुलाना चाहिए , शहर के जनसमस्याओं व विकास कार्यों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी परिषद ने अपने कामकाज को सुचारू तथा विकेन्द्रीकृत करने के उद्देश्य से कमेटियों का गठन कर इनका अध्यक्ष पार्षदों को बनाया है, लेकिन अधिकांश कमेटियों की बैठक भी समय पर नहीं होने की शिकायत बनी है।जिससे शहर का विकास रूक सा गया है बहुत सारे पुराने काम जो रुके हुए हैं और नये कामो का मंजूरी मिल चुका है वह भी कार्य चालू नहीं हो रहे हैं कई महीनो से पार्षदों कर्मचारियों का मानदेय नहीं मिला है पार्षद अपनी वार्डों की विकास को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं कई काम ऐसे हैं जो परिषद के बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही संभव है वार्ड ,नगर भ्रमण के दौरान पार्षदों से गणमान्य नागरिकों के द्वारा समस्या बताई जाती है और निराकरण करने के लिए कहा जाता है।

### कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत समीक्षा बैठक ली। शहर बने स्वच्छ इस दिशा में बेहतर कार्य हो इसके लिए कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सीएमओ को सघन जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। व्यापारियों, दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित करने के लिए निर्देशित किया, इसके साथ ही कचरा प्रबंधन में व्यापारियों, दुकानदारों को सहयोग मिले इसके लिए उन्हें प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मार्केट एरिया में दुकानदार कचरा प्रबंधन में सहयोग नहीं करता और दुकानों के बाहर या खुले में कचरा फेंकतें हैं, तो उस स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्रवाही व अर्थदण्ड लगाये जायेंगे। बैठक में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत से उपस्थित सीएमओ व अन्य संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) घटक पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## पुलिस की सुस्त कार्यशैली से निरंकुश हैं असामाजिक तत्व

### रिपोर्ट दर्ज करने के बावजूद नहीं होती कार्यवाही, लगातार हो रही है वाहन दुर्घटनाएं

**चरचा कालरी।** पुलिस थाना चर्चा की सुस्त एवं लचर कार्य शैली से क्षेत्र की जनता परेशान है वही असामाजिक तत्व निर्भय निरंकुश होकर मनमानी पर उतारू है।

नगर पालिका शिवपुर चर्चा सहित चर्चा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में लगातार वाहन दुर्घटनाओं में वृद्धि होती जा रही है दुर्घटनाओं की वजह से कई व्यक्तियों की अकाल मृत्यु हो चुकी है इसकी मुख्य वजह चर्चा पुलिस द्वारा समुचित कार्यवाही न करना है चर्चा कालरी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन बाइकर्स गैंग स्पीड में गाड़ी चलाते हुए आतंक का पर्याय बन चुके हैं स्टंट करते बाइकर्स में कई नाबालिक बच्चे भी शामिल रहते हैं इसके अतिरिक्त शाम ढलते शराबी वाहन चालक भी अक्सर नजर आते हैं इन वाहन चालकों की वजह से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं कुछ दिनों पूर्व तेज गति से बाइक चलाने के दौरान हुई दुर्घटना में एक प्रतिष्ठित नागरिक की असमय दुखद मृत्यु हो गई जिससे स्थानीय नागरिकों में काफी आक्रोश नजर आया चर्चा पुलिस द्वारा मात्र दो दिन दिखावे के लिए सड़क पर गश्ती की गई उसके बाद सब कुछ



ठंडे बस्ते में चला गया 2 फरवरी को चर्चा थाना के एक नगर सैनिक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए एक बुजुर्ग महिला को ठोकर मार दी और घटनास्थल से भाग गया जबकि प्रशासन के द्वारा दुर्घटना के पश्चात घायल को तत्काल चिकित्सालय पहुंचने की समझाइए दी जाती है दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित बुजुर्ग महिला के परिजन वाहन चालक नगर सैनिक के घर गए जहां नशे की हालत में नगर सैनिक के द्वारा गाली गलौज भी किया गया इसकी शिकायत चर्चा थाने में दर्ज कराई गई आरोपी वाहन चालक नगर सैनिक भी चर्चा थाने में पदस्थ है और ड्यूटी कर रहा है किंतु घटना के 18 दिन गुजुर जाने के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही ना करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है इस घटना से स्पष्ट है की चर्चा पुलिस कार्यवाही के मामले में कितनी सुस्त है या फिर जानबूझकर मामले को दबाने में लगी हुई है और आम जनता के लिए उसका नजरिया अलग है घटना के पश्चात तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के बावजूद नशे में मदहोश वाहन चालक जो की चर्चा थाना से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर चर्चा स्थित अपने घर में था उसको ना तो थाने लाया गया और न हीं नशे की जांच कराई गई पीड़ित महिला के पक्ष की एक महिला को शराबी नगर सैनिक वाहन चालक द्वारा गाली गलौज किया गया था सबूत के रूप में गाली गलौज से संबंधित इसके वीडियो को थाना प्रभारी और जांच अधिकारी को दिखाया गया किंतु महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग करने व अभद्र व्यवहार के प्रति चर्चा थाना द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई इससे स्पष्ट है कि महिलाओं के अत्याचार के मामले में पुलिस थाना चर्चा संवेदना विहीन है परिजनों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक कोरिया से संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## महतारी वंदन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से अधिक-से-अधिक हितग्राहियों को करें लाभान्वित:कलेक्टर



**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एन्ट्री की प्रगति तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की और कहा कि इन योजनाओं से अधिक-से-अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन तथा ऑनलाईन एन्ट्री की प्रगति समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों को शीघ्र ऑनलाईन एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारी से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा अधिक-से-अधिक हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने को। कलेक्टर श्री लंगेह ने अग्नि वीर तथा थल सेना में भर्ती हेतु युवाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि देश की सेवा में युवा आगे आ सके। उन्होंने माननीय हाईकोर्ट से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, धान खरीदी व धान के उठाव की भी जानकारी ली। श्री लंगेह ने समय सीमा की बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों, जन चौपाल, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकरण करने तथा निराकरण की जानकारी लिखित प्रतिवेदन में भेजने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री लंगेह ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बटांकन, सीमांकन, नामांतरण के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अरुण कुमार मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### मादक पदार्थों पर लगाम लगाने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** मादक पदार्थों पर लगाम लगाने के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में छ.ग. राज्य में स्वापक औषधी मन: प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिले में प्रभावी रूप से नशीली पदार्थों के विक्रय, परिवहन पर अंकुश लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समिति के सदस्यों को कार्यवाही में सहयोग प्रदाय करने एवं विक्रय, परिवहन एवं नशेडियों की सूचना देने हेतु एवं कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। छ.ग. राज्य में स्वापक औषधी मन: प्रभावी पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में मौखिक चर्चा के उपरान्त निम्नलिखित निर्देश जारी किये गये है। जिले में नारकोटिक्स एक्ट, कोटपा एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करें, चुनाव के मद्देनजर जिले में लगातार वाहन चेकिंग, नाका बंदी एवं मुखबिर तैनात कर नारकोटिक्स एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही कर आरोपियों की गिरफ्तारी करें। जिले के समस्त हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल में नोडल अधिकारी बनाया जाए एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर विद्यालय में बच्चों को जागरूक कर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताएं।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। राजस्व कामकाज की समीक्षा करते हुए उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं को ध्यान देते हुए प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध करना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अभिलेख शुध्दता, नक्शा बटांकन व खसरा पुन: क्रमांकन की जानकारी भुइयां में दर्ज वन अधिकार पट्टा की जानकारी, इत्यादि के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## 22 टन कोयला व दो ट्रक के साथ पुलिस ने आरोपियों को दबोचा, भेजा गया जेल

**सूरजपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 19.02.24 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मांजा में ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5387 में अवैध रूप से कोयला लोड़ वाहन मांजा में कहीं कोयला खपाने को खड़ा है।

सूचना पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मांजा में ट्रक को घेराबंदी कर रोकवाया, ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ पाया, चालक संदीप प्रताप सिंह पिता स्व. जानकी सिंह उम्र 24 वर्ष ग्राम बड़सरा थाना झिलमिली और हेलफर किशन कुमार पिता राम कुमार उम्र 26 वर्ष ग्राम गिधौरी खपरडीह, थाना गिधौरी, जिला बलौदाबाजार, हालमुकाम पण्डोपारा सोरगा थाना पटना से ट्रक में लोड कोयला के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज नहीं किए जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 22 टन कोयला कीमत 1 लाख 50 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जप्त कर दोनों



आरोपियों को गिरफ्तार गया। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 19.02.24 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक सफेद रंग के बिना नंबर महिन्द्र पिकअप वाहन में चोरी का जीआई फिनिशिंग तार को चोरी कर मदनेश्वरपुर तरफ ले जा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम भुवनेश्वरपुर में पिकअप वाहन को घेराबंदी कर रोकवाया गया और कमलेश सिंह राजपूत पिता स्व. शिवकुमार सिंह उम्र 28 वर्ष व सतवन सिंह पिता भुनसाय उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी तिवरागुड़ी, थाना रामानुजनगर से जीआई तार के खरीद बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जो चोरी का होने के अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 11 बंडल जीआई तार कीमत करीब 75 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त कर दोनों को गिरफ्तार गया।

कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, निरीक्षक प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, माधव सिंह, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी व आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।

### तेज आवाज में बजने वाले डीजे व साउंड सिस्टम रहेंगे प्रतिबंधित

**सूरजपुर।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर तेज आवाज में डीजे और साउण्ड सिस्टम बजाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षा व स्कूलों में चलने वालीं वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर उच्च न्यायालय व शासन के दिशानिर्देशों का पालन संबंधित कड़ाई से करवायें। रात्रि 10 बजे के पश्चात डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहे और इसके साथ ही उन्होंने नियमों का पालन ना करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके साथ ही ध्वनि के लिए निर्धारित मापदंड जिसमें आवासीय क्षेत्रों में दिन के समय 55 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में 65 डेसीबल तथा औद्योगिक क्षेत्र में 75 डेसीबल निर्धारित है, इसका परिपालन भी नियमानुसार हो इसके लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभाग वार लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की।

## जयनगर पुलिस ने सबमर्शिबल पंप की चोरी के मामले में आरोपी और खरीदार को गिरफ्तार किया



**सूरजपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के कड़े निर्देश के बाद से ही जिले की पुलिस क्षेत्र में लगातार कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी बीच दिनांक 19.02.24 को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम गोपालपुर में कुछ लोग चोरी का समर्सिबल पम्प बिक्री करने हेतु लेकर जाने वाले है। सूचना पर फौरन कार्यवाही करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर अनिल यादव पिता जगसाय यादव उम्र 34 वर्ष व रूप राजवाड़े पिता सीताराम राजवाड़े उम्र 32 वर्ष व सैनाथ सिंह पिता हरिनाथ सिंह उम्र 35 वर्ष तीनों निवासी ग्राम गोपालपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि गोपालपुर स्थित फार्म हाउस, स्वास्थ्य केन्द्र परिसर व फ्लाईऐश ईट भट्ठा से माह अक्टूबर-नवम्बर 2023 के दरम्यान 3 नग समर्सिबल पम्प मिलकर चोरी करना जिसमें से 1 पम्प को बिक्री कर देना जिसके आधार पर समर्सिबल पम्प क्रेता नर्मदा विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष व बचन राम बरगाह उम्र 65 वर्ष दोनों निवासी कमलपुर के कब्जे से 1 नग समर्सिबल पम्प बरामद किया गया। मामले में धारा 41(1-4)/379, 411 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 3 नग समर्सिबल पम्प कीमत 1 लाख रूपये का जप्त कर पांचों आरोपियों को पकड़ा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई वरूण तिवारी, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक राजेन्दर एक्का, महेन्द्र सिंह, बृजकिशोर ध्रुवा, आरक्षक विकास मिश्रा, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, विवेक विश्वकर्मा, भुनेश्वर सिंह, सोनू सिंह व नीरज झा सक्रिय रहे।

# विवादों में घिरी को-थ्रिप्ट सोसायटी, संचालकों का सवाल-कैसे बांट दिए एक करोड़ रुपए

## अल्प मत में होने पर चुनाव क्यों नहीं, जिला पंजीयक के खिलाफ होगा आंदोलन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एम्प्लाइज को थ्रिफ्ट सोसाइटी विवाद के घेरे में बनी हुई है। मनमानी गतिविधियों को लेकर संचालक मंडल ने प्राधिकृत समिति के साथ-साथ जिला पंजीयक को निशाने पर लिया है। वार्षिक आमसभा में इसी मुद्दे पर बात हुई और आगामी दिनों में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

कोरबा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एम्पलाइज को थ्रिफ्ट सोसाइटी पिछले कई वर्षों से चल रही है। मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के सामने से इसका संचालन हो रहा है। इसके माध्यम से 4000 से भी ज्यादा कर्मचारी जुड़े हुए हैं जिन्हें निश्चित राशि लेकर सदस्य बनाया गया है। उनके जरूरी कार्यों के लिए समिति न्यूनतम ब्याज दर पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। इसके अलावा वर्ष में एक बार सदस्यों को उपहार भी प्रदान करती



है। वर्ष 2021 में इस संस्था के चुनाव हुए थे और उसके बाद से ही समिति अपने कामकाज को लेकर विवादों में गिर गई। खबर के मुताबिक अल्पमत में आने के साथ समिति अवैध रूप से संचालित हो रही है और इसी पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। नियम के तहत 6 महीने के भीतर चुनाव कराने की औपचारिकता नहीं समझी गई इसी चक्कर में वर्तमान में इसका संचालन कर रही प्राधिकृत समिति लगातार गलतियां कर रही है। मनोरंजन क्लब में मंगलवार को हुई वार्षिक सभा में सदस्यों की उपस्थिति में ऐसे कई मसलों पर बातचीत हुई और मौजूदा रवैया को लेकर नाराजकी जताई गई। संचालक मंडल के सदस्य हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि जिस नियम के अंतर्गत सदस्यों को सूचना दी जानी चाहिए थी उसका पालन नहीं किया गया और वास्तविकता छुपाने के लिए संक्षिप्त तरीका अपनाया गया। इसलिए हमने प्रशासन को नोटिस दिया है। संचालक मंडल सदस्य क्षेत्र मंसूरी ने बताया कि निर्वाचन के बाद ही कुछ सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था जिससे समिति अल्पमत में आ गई। अवैध रूप से काम करने के बावजूद उन लोगों ने गड़बड़ी की जिन्हें काम करने के लिए प्राधिकृत किया गया। हमारा सवाल है कि गलत तरीके से एक करोड रुपए किन लोगों को दे दिए गए। नियम के अंतर्गत भंग हो चुकी समिति के विषय पर निर्वाचन फिर से कराया जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो हम जिला रजिस्टर और कथित रूप से प्राधिकृत किए गए लोगो के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

वर्षों से संचालित हो रही सीसीएल एम्पलाइज को थ्रिफ्ट सोसायटी के मौजूदा स्वरूप को लेकर जो जानकारी सामने आई है वह न केवल हैरान करने वाली है बल्कि विश्वसनीयता पर सवाल भी खड़े करती है। सवाल इस बात का है कि जब आम सभा को लेकर पहले से ही सरकार की व्यवस्था के अंतर्गत नियम बने हुए हैं तो सभी सदस्यों को विधिवत सूचना क्यों नहीं दी गई और उसे छुपाने का प्रयास क्यों किया गया। दूसरी और सबसे बड़ा मुद्दा यह भी है कि अल्पमत की स्थिति में जब समिति भंग हो चुकी है तो पंजीयन सहकारी समिति के द्वारा नई सरे से निर्वाचन करने की जरूरत क्यों नहीं समझी गई। सब कारण है जिसके चलते सदस्यों ने प्रशासन को नोटिस देने के साथ इस मामले में आगे आंदोलन करने की योजना बनाई है। इससे साफ है कि आने वाले दिनों में कहीं और खुलासे हो सकते हैं।

## परीक्षाओं के दौर में नहीं थम रहा ध्वनि प्रदूषण का सिलसिला



**कोरबा।** प्रशासन के दावों की हवा परीक्षा के सीजन में नगर और जिले में निकल रही है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है और एक पखवाड़े बाद छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होना है। विद्यार्थियों की तैयारी से कोई मतलब नहीं रखने वाले लोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम के नाम पर ध्वनि प्रदूषण करने पर आमादा हैं। जानकारी होने पर भी पुलिस इस दिशा में गंभीर नहीं है।

जानकारी के मुताबिक विभिन्न रिहायशी क्षेत्रों में सुबह से शाम और रात तक ऊंची आवाज में लाउड स्पीकर के साथ-साथ डीजे पर गीत-संगीत बजाया जा रहा है। इसके पीछे अलग-अलग प्रयोजन बताए जा रहे हैं। ऐसी कोशिशों से खासतौर पर विद्यार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं जिनकी या तो परीक्षाएं चल रही है या फिर आगामी दिनों में शुरू होना है। ऐसे में दोनों ही श्रेणी के छात्रों को तैयारी पर ध्यान देना पड़ रहा है। बताया गया कि ऊंची आवाज में संगीत बजने से न केवल कोलाहल अधिनियम की धज्जियां उड़ रही है बल्कि पढ़ाई से भी ध्यान भंग हो रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक और धार्मिक स्थानों पर भी इस अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है जहां से लाउड स्पीकर के जरिए काफी दूर तक आने वाली आवाज विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ाने में लगी हुई है। शिकायत है कि संबंधित लोगों को इस बारे में निवेदन करने और चेतावनी देने पर भी कोई खास असर नहीं हो रहा है। कुछ मामलों में तो यहां तक तर्क दिया जाता है कि जो लोग गाने-बजाने में लगे हैं, वे सीनियर सिटीजन हैं और शाम के बाद समय बिताने के लिए यह सब किया करते हैं। ऐसे में उन्हें कोई रोक-टोक नहीं सकता। पीड़ितों का कहना है कि बार-बार इस तरह की चीजें सामने आने से विद्यार्थी तंग आ चुके हैं। उनकी आपत्ति इस बात पर है कि पुलिस को फोन पर बताने पर भी अपेक्षित परिणाम नहीं आ पा रहे हैं।

### अनुमति देने पर भी सवाल

सबसे बड़ी बात यह है कि परीक्षा के बारे में प्रशासन के अधिकारियों को भरपूर जानकारी है। इसके बाद भी उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले दीर्घकालिक आयोजनों के मामले में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने के लिए अनुमति दी जा रही है, यह अपने आपमें समझ से परे है। जाहिर तौर पर जब आयोजकों को सरकारी अनुमति प्राप्त होगी तो वे समस्याएं बढ़ाएंगे ही।

## घुमानीडांड के पास ट्रैक्टर से टकराए बाइक चालक की मौत

**कोरबा।** जटगा पुलिस चौकी क्षेत्र में घुमानीडांड तान नदी पुल पर तेज रफ्तार बाइकसवार एक व्यक्ति खड़े ट्रैक्टर से जा टकराया। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि घटना देर रात की है घुमानीडांड मुख्य रोड पर दोनों बाइक पर सवार होकर आ रहे थे इस दौरान सड़क किनारे एक ट्रैक्टर खड़ी हुई थी और देख नहीं पाए सीधे जाकर ट्राली में घुस गए। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और घायल को अस्पताल ले जाने के लिए 108 को फोन किया गया मौके पर पहुंची टीम द्वारा तत्काल घायल को पोड़ी उपरोड़ा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है की बाइक सवार शराब के नशे में धूत थे जिसके चलते यह हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में 100 का पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दे और आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

## हाउसिंग कमेटी की बैठक 26 को

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में हाउसिंग कमेटी की बैठक 26 फरवरी को आयोजित की गई है। इस बैठक में अवैध कब्जाधारियों सहित कई मुद्दों को भी उठाए जाने की संभावना है। बाहर से स्थानांतरण होकर कोयला कामगार गेवरा लगातार आ रहे हैं और उन्हें आवास नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों की रिटायर संख्या भी काफी कम है। ऐसी स्थिति में कोयला कामगारों को आवास नहीं मिल पा रहा है। हाउसिंग कमेटी के सदस्य रेशमलाल यादव, गोपाल यादव, धरम सिंह, दीपक उपाध्याय सहित अन्य सदस्य लगातार प्रयास कर रहे हैं कि अधिक से अधिक कामगारों को आवास उपलब्ध हो।

## जीवन के लिए व्यवहारिक है मातृभाषा

**कोरबा।** आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मना रही है। इस अवसर पर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में वहां के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा की स्वीकार्यता, महत्ता और उसके प्रभाव पर चर्चा की जा रही है। इस बात पर मुख्य रूप से बल दिया जा रहा है कि क्षेत्र चाहे कोई भी हो, लोगों के जीवन के लिए सबसे अधिक व्यवहारिक उनकी मातृभाषा होती है और इसे उपयोग में लाने से व्यक्ति ज्यादा विस्तृत होते हैं।

अलग-अलग मंच पर मातृभाषा दिवस और इसके विविध प्रभावों एवं महत्व को लेकर विमर्श जारी है। अपने-अपने क्षेत्र के महान दार्शनिकों के अलावा प्रबुद्ध वर्ग व अभियंताओं की ओर से प्रतिपादित विचारों को आगे बढ़ाया जा रहा है जिन्होंने अपने समय में मातृभाषा को लेकर बहुत कुछ कहा था और इससे अनुप्राणित होने की बात कही थी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय ने कहा था कि किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व और निरंतरता इस बात से निर्धारित होती है कि लोग अपनी जड़ों से कितनी मजबूती से



जुड़े हुए हैं जिसमें से एक उसकी अपनी भाषा भी है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीयों की ऐसी मानसिकता विकसित की गई कि एक विदेशी भाषा हमारी मातृभाषाओं से बेहतर है जिसके नतीजन लोग अपनी जड़ों से दूर होते गए। जबकि हिंदी के जानकार और छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष डॉ. माणिक विश्वकर्मा कहते हैं कि कोस-कोस पर पानी और चार कोस पर बोली बदलने वाली धरती भारत की है। कुछ इसी प्रकार के सिद्धांत दुनिया के दूसरे देशों में भी है। इतना सब होने पर भी लोग दूरियों के बावजूद एक-दूसरे के भाव से चीजों को समझ लेते हैं। यह सब मातृभाषा की व्यापकता को स्पष्ट करते हैं।

## चिमनीभट्ठा में शिव महापुराण कथा का आयोजन

**कोरबा।** माघ महीने के उपलक्ष में कोरबा के चिमनी भट्टा मोहल्ले में शिव महापुराण कथा का आयोजन स्थानीय नागरिकों की ओर से किया गया है। सिरली के पंडित उत्तम मिश्रा के द्वारा यहां पर कथा वाचन करने के साथ भगवान की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। आयोजक ने बताया कि 7 दिन तक आयोजन यहां पर चलेगा। अंतिम दिवस हवन पूजन और पूर्णाहुति के साथ भंडारा भी किया जाएगा। हिंदू समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

## युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर लगाया

**कोरबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर आज युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा कई स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाया गृहत स्तर पर परसवानी में रक्तदान शिविर लगाया गया है। जिसमें कई मंडलों के कार्यकर्ता शामिल होकर रक्तदान किया । पाली मंडल के विशाल मोटवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एक गाड़ी में सवार होकर फरसवानी पहुंचे । कुदमुरा मंडल के अध्यक्ष धनजंय चौहान के नेतृत्व में भी अनेको कार्यकर्ता रक्तदान शिविर में भाग लिया। कटघोरा में स्थित कोरराम भवन में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। यहां पर विवेक मारकण्डे,शमजीत सिंह, जय गर्ग, रूपेश डिक्सेना, अनुराग दुहलानी, मंदीप जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता कार्य में सहयोग कर रहे है। कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी आयोजित कार्यक्रम को दिनेश सेन, टिंकू रंजन, सि॥त नारायण सोनी, असलम खान ने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सफल बनाया ।




कोरबा जिले में इस बार आम के वृक्षों पर बेहतर बौर आए हुए हैं। हर कहीं एक जैसे नजारे दिखाई दे रहे हैं। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि वृक्षों पर आम के फल अच्छी संख्या में लगेंगे। लेकिन इसके लिए अनिवार्य शर्त यह है कि आने वाले दिनों में अंधड़ से इन्हें अपने आपको बचाना होगा।

## हादसे में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के नागरिक की मौत

**कोरबा।** बीती रात दर्री कोरबा में सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित डैम के ऊपर एक बाइक सवार को किसी भारी वाहन ने कुचल दिया। बालको हाउसिंग बोर्ड निवासी शब्बीर खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अभी एक दिन पूर्व ही कटघोरा में बाइक सवार पति-पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत के सदमे से जिले के लोग उबर भी नहीं पाए थे तभी खबर आई की बीती रात लगभग 9ः00 बजे सिंचाई विभाग द्वारा दर्री में निर्मित डैम के ऊपर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 48 वर्षीय शब्बीर खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। चिकित्सा और पुलिस विभाग ने हमेशा की तरह औपचारिकता पूरी कर ली है। यानी पोस्टमार्टम और मुकदमा दर्ज करने की रस्म पूरी कर अन्य घटनाओं की तरह इसे भी फाइलों में कैद कर दिया गया है

## माघी मेले का उद्घाटन करेगें विधायक राठिया

**कोरबा।** पताड़ीधाम में माघी मेले का शुभांरभ कल से शुरू हो रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया के द्वारा किया जाएगा । मेले में लगातार दो दिनों तक पंक्ती नाचा प्रतियोगिता आयोजित है । जिसमें कई टीमें भाग ले रही है प्रथम ईनाम 15,000 रूपए द्वितीय 10,000 व तृतीय को 7,000 रूपए दिए जाएगा। तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। इस मेले में सौगंवा क्षेत्र के ग्रामीणजन भाग लेते है। मेले को सफल बनाने के लिए सौगंवा क्षेत्र को जोन में विभक्त किया गया है। जोन के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पताड़ीधाम समिति के लखन लहरे, गैसराम मिरी, कमलेश अंनत, आत्माराम, रामचंद पाटले, रेवा राम, सरजू अजय, राजेश लहरे, बबलू डहरिया भी लगातार सक्रिय है।

## एक पखवाड़े में तैयार हो गए तालाब, कारनामा सुर्खियों में

### कामकाज रोकने के लिए होगा आंदोलन



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्तर और गुणवत्ता लंबे समय से सुर्खियों में रहा है। खबर है कि विभिन्न परिक्षेत्रों में एक पखवाड़े में ही तालाब तैयार कर लिए गए। जिस तरीके से इसे किया गया उस पर सवाल खड़े हुए हैं। भाजपा से जुड़े लोग ही इसका विरोध कर रहे हैं उसके द्वारा जल्द ह कार्यस्थल पर जाकर काम रोको आंदोलन के अंतर्गत काम रोका जाएगा। जिसकी सूचना प्रशासन को दे दी गई है।

जनपद सदस्य और प्रदेश कार्यसमिति भाजपा के सदस्य लीलारपुरी गोस्वामी ने बताया कि डीएफओ निशांत पुराने लंबित भुगतान के मामले में सुस्त हैं लेकिन अपने समय के निर्माण कार्यों में बड़े चुस्त नजर आ रहे हैं तभी तो पीडी मद से प्राय: सभी रेंजो में कई तालाब मशीन से खोदकर महज 15 दिनों में बना दिए , ना मजदूर लगे ना रोलर का उपयोग किया गया और ना ही पानी टैंकर लगाया गया फिर भी काम अच्छा और करोड़ों का प्रमाणक पास हो गया। ऐसे तालाब के मेढ जिस पर रोलर नही चलाया गया है जबकि एसओआर के नामकरण में प्रत्येक एक फिट के परत में कम से कम आधा टन वजन का रोलर चलाने का नियम दिया गया है ,तकनीकी विशेषज्ञ बताते हैं कि बिना रोलर चले मिट्टी का बांध बरसात की पहली बारिश में ही धाराशायी हो जाता है।बहरहाल बताया जा रहा है कि अभी चल रहे कार्यों को चुनावी चंदा वसूलने के उद्देश्य से कराया जा रहा है जिस पर उच्चाधिकारियों से भी छूट मिली होने की खबर है जिसका एक ताजा उदाहरण कसनिया डिपो के लिए बनाई गई सीसी रोड के लिए नान टेक्निकल परियोजना प्रतिवेदन है जहां 633 मीटर लंबी सड़क के लिए 42 लाख रुपए का मार्जिन रखते हुए 60.25 लाख रु का प्रोजेक्ट बनवाया गया।

## मानिकपुर कालोनी में पाईप लाईन बिछकर तैयार

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के मानिकपुर कालोनी में पेयजल की विकराल समस्या को देखते हुए नगर पालिक निगम से जल की आपूर्ति कराने की मांग की गई थी। संयुक्त सलाहकार सदस्यों ने इस मामलो को प्रबंधन के सामने उठाया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि पंपहाउस स्थित फिल्टर प्लांट से जल की आपूर्ति मानिकपुर कालोनी को दी जाती है। पाईप लाईन कई स्थानों पर फट गए है। जिसके चलते कालोनी में पेयजल की आपूर्ति नही हो पाती है। पाईप लाईन को कई बार बदला भी गया है। इसके बाद भी समस्या यथावथ बनी हुई है। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। संयुक्त सलाहकार सदस्य मोहन प्रधान राजू श्रीवास्तव, उज्जवल बनर्जी, भागवत सिंह, प्रमोद बनर्जी, संजय सिंह, नलीन पवार की मांग पर प्रबंधन ने नगर पालिक से जल आपूर्ति कराने की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसके बाद टेडर बुलाकर मानिकपुर कालोनी में पाईपलाईन बिछाने का काम किया जा रहा था। यह काम पूर्ण हो चुका है अब पाईप लाईन को टंकी से छोड़ने की जरूरत है।

### अवैध शराब जब्त

**कोरबा।** हरदीबाजार पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कच्ची शराब मिली है।

## कला क्षेत्र को प्रोत्साहन देने से बदलेगी तस्वीर : शिवराज

### सरकार की नई नीति उत्साह बढ़ाने वाली



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विभिन्न वर्गों के साथ-साथ ललित कलाओं और इसके अन्य आयाम से संबंधित कलाकारों को अवसर देने के साथ उनकी क्षमता का लाभ लेना तय किया है। लोक कलाकार और राज्यपाल शिक्षा अलंकरण से सम्मानित शिवराज शर्मा ने कहा कि कला क्षेत्र को लेकर पहली बार इतनी संवेदनशीलता दिखाई गई है। इससे तस्वीर को काफी अच्छे तरीके से बदला जा सकता है।

शिक्षा में नवाचार को लेकर बीते वर्षों में अनेक कार्य करने को लेकर जिला और राज्य स्तर पर सम्मानित हुए शिवराज शर्मा ने सरकार के द्वारा पेश किये गए हालिया बजट का जिक्र करने के साथ कहा कि कलाकारों के मामले में संभवत: पहली बार गंभीरता का प्रदर्शन सरकार की ओर से किया गया है। बजट में न केवल इसकी बात की गई है बल्कि भिन्न-भिन्न स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थापित और नवोदित कलाकारों को बेहतर अवसर देने का भी समावेश किया गया है। सरकार की यह सोच न केवल प्रोत्साहित करने वाली है बल्कि कलाकारों के भीतर सकारात्मकता को भरने का भी माध्यम है। सरकार की इस नीति से कला जगत अपनी प्रतिभा को परिमार्जित करने के साथ-साथ इसमें नयापन तो लाएगा ही, सामाजिक परिदृश्य में प्रभावी और ठोस संदेश देने के लिए भी काम करेगा। शिक्षक शिवराज शर्मा ने बताया कि वे भवानी भजन गंगा के साथ-साथ सुंदर कांड का संगीतमय प्रस्तुतिकरण बीते वर्षों से कर रहे हैं और इसके माध्यम से बड़े वर्ग को गीत संगीत की महत्ता व आध्यात्मिकता से जुड़ने से होने वाले लाभ के बारे में भी लगातार अवगत कराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम की वह धरती है जहां पर उन्होंने वनवास का काफी समय बिताया, इसलिए यह आम लोगों के साथ-साथ रसिक जगत को नवीन प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार के नए संकल्प से सभी के कल्याण के रास्ते खुलेंगे।








श्री नरेन्द्र मोदी
मानननीय प्रधानमंत्री

# मोदी की गारंटी
# विष्णु का सुशासन

छत्तीसगढ़ शासन

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

## त्वरित निर्णय के 2 माह

### अन्नदाताओं के लिए

- 13 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने का निर्णय
- किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय
- 'कृषक उन्नति योजना' के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान

### ग्रामीणों के लिए

- 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान

### गरीबों के लिए

- 69.92 लाख गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक निःशुल्क राशन प्रदाय का निर्णय
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण के लिए 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना' में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10,000 रुपये वार्षिक सहायता का निर्णय

### महिलाओं के लिए

- 'महतारी वंदन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की दर से वार्षिक 12,000 रुपए आर्थिक सहायता का निर्णय

### युवाओं के लिए

- पीएससी परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय
- युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय
- पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट का निर्णय

### सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए

- अयोध्या यात्रा के लिए निःशुल्क 'रामलला दर्शन योजना' लागू करने का निर्णय

### आदिवासियों के लिए

- तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा भुगतान का निर्णय

### छत्तीसगढ़ के त्वरित विकास के लिए

- कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान

### सामान्य परिवारों के लिए

- प्रति माह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय का निर्णय

### भ्रष्टाचार निवारण के लिए

- शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' की स्थापना का निर्णय
- कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट व्यवस्था लागू करने का निर्णय

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए

- छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) का निर्णय

## सरल, निर्भीक
## निर्णायक नेतृत्व



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

S-39721/84

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com